# नीट-पीजी
# NEET-PG
# 2026
# सूचना बुलेटिन
# Information Bulletin

## राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – पीजी
## National Eligibility Cum Entrance Test - PG

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 के निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए / For admission to the following courses of 2026-27 academic session:**

- एमडी/ एमएस/ पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम
  MD/MS/PG Diploma Courses
- पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी पाठ्यक्रम
  Post MBBS DNB Courses
- प्रत्यक्ष 6 वर्षीय डीआरएनबी पाठ्यक्रम
  Direct 6 Years DrNB Courses
- एनबीईएमएस डिप्लोमा पाठ्यक्रम
  NBEMS Diploma Courses

# महत्वपूर्ण तिथियां / IMPORTANT DATES

| प्रक्रियाएं / Processes | समय-सारणी / Timelines |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अवधि**<br>**Online Application Submission Window** | 01-07-2026 (05:00 PM Onwards) **से / to** 21-07-2026 (Till 11:55PM) |
| **एडिट विंडो / Edit Window**<br><br>• **केवल उन आवेदनों के लिए जिनका भुगतान सफल हो चुका है: (नाम, राष्ट्रीयता, ईमेल, मोबाइल नंबर, आधार, पत्राचार का पता^^ और चुने गए परीक्षा राज्य के विकल्पों को छोड़कर किसी भी अन्य जानकारी दस्तावेजों को/एडिट किया जा सकता है। / For all Payment Success Applications Only:** (Any information/documents can be edited except Name, Nationality, Email ID, Mobile number, Aadhaar details, **Correspondence Address^^** and Test State Preferences) | 25-07-2026 **से / to** 28-07-2026 |
| **सिलेक्टिव एडिट विंडो* / Selective Edit Window***<br>**(लॉगिन डैशबोर्ड में Image Scrutiny Tab के माध्यम से त्रुटिपूर्ण गलत / छवियों को सुधारना" / To rectify deficient / incorrect images through Image Scrutiny Tab in Login Dashboard**<br>• फोटोग्राफ / Photograph<br>• हस्ताक्षर / Signatures<br>अंगूठे का निशान / Thumb Impression ) | 31-07-2026 **से / to** 10-08-2026 |
| **उम्मीदवारों को परीक्षा शहर की सूचना देना**<br>**Informing the Test City to the candidates** | 11-08-2026 |
| **प्रवेश पत्र जारी करना**<br>**Issue of Admit Cards** | 27-08-2026 |
| **परीक्षा तिथि**<br>**Examination Date** | **30-08-2026** |
| **परिणाम की घोषणा**<br>**Declaration of Result** | 30-09-2026 **तक / By** 30-09-2026 |
| **नीट-पीजी 2026 की पात्रता के लिए इंटर्नशिप पूरी करने की अंतिम तिथि**<br>**Cut-off date for completion of internship towards eligibility for NEET-PG 2026** | 30-09-2026 |

***नोट: उम्मीदवार ध्यान दें कि त्रुटिपूर्णकमियों वाली छवियों के बारे में/, यदि कोई हो, तो एनबीईएमएस द्वारा सिलेक्टिव एडिट विंडो अवधि के दौरान ईमेल और या आवेदक लॉगिन / डैशबोर्ड के माध्यम से सूचित किया जा सकता है, जिसे Image Scrutiny टैब के माध्यम से सुधारा जा सकता है। (इसके बाद कोई और मौका नहीं दिया जाएगा)**

***Note: Candidates may note that deficient images, if any, may be communicated by NBEMS during the Selective Edit Window period through email and / or applicant login dashboard for rectification through the Image Scrutiny Tab. (No further opportunity shall be given after this)**

**^^ अगर किसी उम्मीदवार ने अपने पत्राचार के पते को ही अपना स्थायी पता चुना है, तो उन्हें "एडिट विंडो" के दौरान स्थायी पते या पत्राचार के पते में कोई भी बदलाव करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
**If a candidate has selected their correspondence address as their permanent address, they will not be permitted to make any changes to either the permanent address or the correspondence address during the "edit window."**

# संक्षिप्तीकरण / ABBREVIATIONS

| | |
|---|---|
| एनबीईएमएस<br>NBEMS | आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड<br>National Board of Examinations in Medical Sciences |
| नीट-पीजी<br>NEET-PG | राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-पीजी<br>National Eligibility-cum-Entrance Test-PG |
| जीओआई<br>GoI | भारत सरकार<br>Government of India |
| एमओएचएफडब्ल्यू<br>MoHFW | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय<br>Ministry of Health and Family Welfare |
| एनएमसी<br>NMC | राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग<br>National Medical Commission |
| ईईसी<br>EEC | परीक्षा आचार समिति<br>Examination Ethics Committee |
| ईडब्ल्यूएस<br>EWS | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग<br>Economically Weaker Section |
| एनडीए<br>NDA | गैर प्रकटीकरण समझौता<br>Non Disclosure Agreement |
| एमसीसी<br>MCC | चिकित्सा परामर्श समिति<br>Medical Counseling Committee |
| एएफएमएस<br>AFMS | सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएँ<br>Armed Forces Medical Services |
| डीजीएचएस<br>DGHS | स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय<br>Directorate General of Health Services |
| एसटी<br>ST | अनुसूचित जनजाति<br>Scheduled Tribe |
| एससी<br>SC | अनुसूचित जाति<br>Scheduled Caste |
| ओबीसी<br>OBC | अन्य पिछड़ा वर्ग<br>Other Backward Class |
| यूआर<br>UR | अनारक्षित श्रेणी<br>Unreserved Category |
| पीडब्ल्यूडी<br>PwBD | बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति<br>Persons with benchmark Disabilities |
| एमओएसजेई<br>MoSJE | सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय<br>Ministry of Social Justice and Empowerment |
| यूएमसी<br>UMC | अनुचित साधन मामला<br>Unfair Means Case |

# अनुक्रमणिका / INDEX


| क्र. सं.<br>S. No | विषय-सूची<br>CONTENTS | पृष्ठ संख्या<br>Page No. |
|---|---|---|
| 1 | भूमिका / Introduction | 5 |
| 2 | उम्मीदवारों के लिए सूचना / Information for Candidates | 8 |
| 3 | परीक्षा शुल्क / Examination Fee | 24 |
| 4 | पात्रता मापदंड / Eligibility Criteria | 27 |
| 5 | नीट-पीजी 2026 परीक्षा की योजना / Scheme of NEET-PG 2026 | 32 |
| 6 | प्रवेश पत्र और परीक्षा दिवस प्रक्रियाएँ / Admit Card and Test Day Procedures | 36 |
| 7 | नीट-पीजी 2026 परीक्षा केंद्र / Centre for NEET-PG 2026 | 51 |
| 8 | ऑनलाइन नीट- पीजी आवेदन पत्र भरने के निर्देश / Instructions to Fill Online NEET-PG Application Form | 58 |
| 9 | सावधानी नोटिस, गैर-प्रकटीकरण समझौता और अनुचित साधन / Caution Notice, Non- Disclosure Agreement and Unfair Means | 80 |
| 10 | परिणाम / Result | 89 |
| 11 | परामर्श एवं आरक्षण / Counseling and Reservation | 99 |
| 12 | सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा संस्थानों में पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश / Admissions to PG Courses at Armed Forces Medical Services Institutions | 102 |
| 13 | संचार प्रोटोकॉल / Communication Protocols | 106 |
| 14 | छवि (फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और अँगूठा चिन्ह) अपलोड करने के निर्देश / Image (Photograph, Signature, Thumb Impression) Upload Instructions | 110 |
| 15 | अनुलग्नक / Annexures | 128 |

# 1. भूमिका / Introduction

नीट-पीजी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 की धारा 61(2) के अनुसार, जिसे स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम, 2023 के अध्याय IV के साथ पढ़ा जाए, विभिन्न एमडी/एमएस और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकल प्रवेश परीक्षा के रूप में निर्धारित पात्रता-सह-रैंकिंग परीक्षा है।
NEET-PG is an eligibility-cum-ranking examination prescribed as the single entrance examination for admission to various MD / MS and PG Diploma Courses as per Section 61(2) of the National Medical Commission Act, 2019 read with Chapter IV of Post Graduate Medical Education Regulations, 2023.

एमडी / एमएस / पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य या संस्थान स्तर पर कोई अन्य प्रवेश परीक्षा मान्य नहीं होगी। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों / संस्थानों के एमडी / एमएस / पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-पीजी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। भारत में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश चाहने वाले विदेशी नागरिकों के लिए भी नीट-पीजी अनिवार्य है।
No other entrance examination, either at the state or the Institution level, shall be valid for entry to MD / MS / PG Diploma courses. Qualifying NEET-PG is mandatory for entry to MD / MS / PG Diploma courses under various Universities / Institutions in the country. NEET-PG is mandatory even for foreign nationals seeking admission in medical courses in India.

### नीट-पीजी का क्षेत्र / Scope of NEET-PG

नीट-पीजी 2026 शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमडी / एमएस / पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकल पात्रता सह प्रवेश परीक्षा होगी जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे / NEET-PG 2026 shall be the single eligibility cum entrance examination for admission to MD / MS / PG Diploma Courses for the academic session 2026-27 which will include the following:

1. भारत के सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अखिल भारतीय 50% कोटा सीटें।
   All India 50% quota seats for all States / Union territories of India.

2. भारत के सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के लिए राज्य कोटे की सीटें।
   State quota seats for all States / Union territories of India.

3. पूरे देश में सभी निजी मेडिकल कॉलेज, संस्थान और विश्वविद्यालय / डीम्ड विश्वविद्यालय।
   All Private Medical Colleges, Institutions & Universities / Deemed Universities all across the country

4. सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा संस्थान।
   Armed Forces Medical Services Institutions.

5. पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी पाठ्यक्रम, सीधे 6 वर्षीय डीआरएनबी पाठ्यक्रम और पोस्ट एमबीबीएस एनबीईएमएस डिप्लोमा पाठ्यक्रम।
   Post MBBS DNB Courses, Direct 6 years DrNB Courses and Post MBBS NBEMS Diploma Courses

निम्नलिखित मेडिकल संस्थान नीट-पीजी के माध्यम से एमडी / एमएस सीटों के लिए केंद्रीकृत प्रवेश के अंतर्गत नहीं आते हैं / The following Medical institutions are not covered by centralized admissions for MD / MS seats through NEET-PG:

1. एम्स, नई दिल्ली और अन्य एम्स / AIIMS, New Delhi and other AIIMS
2. पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ / PGIMER, Chandigarh
3. जिपमर, पुडुचेरी / JIPMER, Puducherry
4. निमहंस, बेंगलुरु / NIMHANS, Bengaluru
5. श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, त्रिवेंद्रम / Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences and Technology, Thiruvananthapuram

कोई भी राज्य सरकार / निजी मेडिकल कॉलेज / विश्वविद्यालय प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए एमडी / एमएस / पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी कोई अलग प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं करेगा।

No State Government / Private Medical college / Universities shall be conducting any separate entrance for admission to their MD / MS / PG Diploma Courses for the admission session 2026-27.

## आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड के बारे में / About National Board of Examinations in Medical Sciences

भारत सरकार ने अखिल भारतीय स्तर पर आधुनिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर परीक्षाओं के उच्च और समान मानकों को स्थापित करने हेतु एवं क्षमता निर्माण के लिए उपलब्ध मौजूदा स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से 1975 में आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) की स्थापना की।

The Government of India established the National Board of Examinations in Medical Sciences (NBEMS) in 1975 with the objective of improving the quality of the Medical Education by establishing high and uniform standards of postgraduate examinations in modern medicine on an All India Basis and utilizing existing healthcare infrastructure for capacity building.

एनबीईएमएस का मुख्य उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के मानकों को ऊंचा करना और अखिल भारतीय स्तर पर उच्च स्तर की परीक्षाएं आयोजित करना है।

The prime objectives of NBEMS is to elevate the standards of post graduate medical education in modern medicine and conducting examinations of high standard on an all India basis.

एनबीईएमएस स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट प्रशिक्षण के ज्ञान और दक्षताओं की प्राप्ति के न्यूनतम स्तर के मूल्यांकन के लिए एक सार्वजनिक राष्ट्रीय मानक प्रदान करता है। एनबीईएमएस निम्नलिखित परीक्षाएँ आयोजित करता है / NBEMS provides a common national standard for evaluation of minimum level of attainment of the knowledge and competencies of post graduate and doctoral training. NBEMS conducts the following examinations:

| **परीक्षा का नाम**<br>**Name of Examination** | **टिप्पणी**<br>**Remarks** |
|---|---|
| **NEET - PG** | Single window entrance examination for admission to MD/MS/PG Diploma and Post MBBS DNB Courses, Direct 6 Year DrNB Courses & NBEMS Diploma Courses |
| **NEET - MDS** | Single window entrance examination for admission to MDS Courses |
| **NEET - SS** | Single window entrance examination for admission to DM/MCh and DrNB Super specialty Courses |
| **DNB-PDCET (Post Diploma CET)** | Single window entrance examination for admission to Post Diploma DNB Broad specialty Courses |
| **FELLOWSHIP ENTRANCE TEST (FET)** | Single window entrance examination for admission to various Fellowship (FNB) Courses of NBEMS for Indian and International students |
| **FMGE** | Screening Test for Foreign Medical Graduates conducted as per Screening Test Regulations, 2002 |
| **FDST** | Screening Test for Foreign Dental Graduates & Post Graduates |
| **MRE/DRE** | Medical Registration Examination/Dental Registration Examination for Republic of Mauritius |
| **FELLOWSHIP EXIT EXAMINATION (FEE)** | Exit Examination for award of FNB (Fellow National Board) Qualifications in various sub-specialties |
| **DNB/DrNB FINAL (Theory & Practical)** | Exit Examination for award of DNB (Broad) & DrNB (Super Specialty) Qualifications |
| **NBEMS Diploma Final (Theory and Practical)** | Exit Examination for award of NBEMS Diploma qualification in respective disciplines. |
| **GPAT** | National level examination for award of scholarship to qualified candidates seeking entry into Master of Pharmacy (M. Pharm) course. |

## 2. उम्मीदवारों के लिए सूचना / Information for Candidates

**2.1.** नीट-पीजी 2026, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के विभिन्न एमडी / एमएस / पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए योग्यता और रैंकिंग परीक्षा है। पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी पाठ्यक्रमों, पोस्ट एमबीबीएस सीधे छह (06) वर्षीय डीआरएनबी पाठ्यक्रमों और एनबीईएमएस के दो (02) वर्षीय पोस्ट एमबीबीएस डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश भी नीट-पीजी के माध्यम से ही किए जाते हैं।

NEET-PG 2026 is the eligibility-cum-ranking examination for admission to various MD / MS / PG Diploma courses of 2026-27 admission session. Admissions to Post MBBS DNB Courses, Post MBBS Direct Six (06) year DrNB courses and NBEMS Two (02) years Post MBBS Diploma courses are also undertaken through NEET-PG.

**2.2.** नीट-पीजी 2026 एनबीईएमएस द्वारा आयोजित किया जाएगा। **एनबीईएमएस की भूमिका नीट-पीजी के संचालन, परिणाम की घोषणा और नामित काउंसलिंग प्राधिकरण को परिणाम सौंपने तक सीमित है। पीजी सीटों की काउंसलिंग और आवंटन में एनबीईएमएस की कोई भूमिका नहीं है। दस्तावेजों का सत्यापन और उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारण काउंसलिंग / प्रवेश प्रक्रिया के समय संबंधित प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।**

NEET-PG 2026 will be conducted by NBEMS. **The role of NBEMS is limited to the conduct of NEET-PG, declaration of the result and handing over the result to the designated counseling authority. NBEMS has no role in counseling and allotment of medical PG seats. Verification of documents and eligibility determination of the candidates shall be undertaken at the time of counseling / admission process by the concerned authority.**

**2.3.** उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि नीट-पीजी में केवल शामिल होने मात्र से ही पोस्ट ग्रेजुएट एमडी / एमएस / डीएनबी / सीधे 6 वर्षीय सुपर स्पेशलिटी / एनबीईएमएस डिप्लोमा सीट पर कोई स्वचालित अधिकार नहीं मिल जाता है। पोस्ट ग्रेजुएट एमडी / एमएस / डीएनबी, सीधे 6 वर्षीय सुपर स्पेशलिटी या एनबीईएमएस डिप्लोमा सीटों की पेशकश के लिए मान्यता प्राप्त किसी भी चिकित्सा संस्थान में पोस्ट ग्रेजुएट सीटों पर चयन और प्रवेश, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 और पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशंस, 2023 और उसके बाद के संशोधनों के अनुसार आयोजित किया जाएगा। प्रवेश निर्धारित मानदंडों को पूरा करने पर निर्भर है, जिसमें पात्रता, मेडिकल फिटनेस और एनबीईएमएस, संबंधित

विश्वविद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों या राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा निर्धारित कोई भी अतिरिक्त आवश्यकताएं शामिल हैं।

Candidate may kindly note that appearance in NEET-PG does not confer any automatic rights to secure a Post Graduate MD / MS / DNB / Direct 6 years Super Specialty / NBEMS Diploma seat. The selection and admission to postgraduate seats in any medical institution recognized for offering Postgraduate MD, MS, DNB, Direct 6 years Super Specialty, or NBEMS Diploma seats, will be conducted according to the National Medical Commission (NMC) Act, 2019, and the Postgraduate Medical Education Regulations, 2023 and its amendments thereafter. Admission is contingent upon meeting the specified criteria, including eligibility, medical fitness, and any additional requirements set by the NBEMS, relevant universities, medical institutions, or state and central governments.

**2.4.** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सूचना बुलेटिन को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीट-पीजी 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने से पहले सूचना बुलेटिन के साथ-साथ एनबीईएमएस वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर नीट-पीजी 2026 इंडेक्स पेज पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र को जमा करने के निर्देशों का अध्ययन करें।

Candidates are advised to read the Information Bulletin carefully and go through the instructions regarding submission of online application form given in the information bulletin as well as on NEET-PG 2026 index page on NBEMS website **https://natboard.edu.in** before starting online submission process for NEET-PG 2026.

## 2.5. आधार प्रमाणीकरण / Aadhaar Authentication:

**2.5.1** राजपत्र संख्या **CG-DL-E-10092025-266044 दिनांक 09.09.2025** के अनुसार, एनबीईएमएस को प्रमाणीकरण करने की अनुमति दी गई है और आधार नंबर धारक की पहचान स्थापित करने के लिए प्रमाणीकरण के दौरान आधार नंबर के उपयोग की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त राजपत्र **अनुलग्नक-V** पर संलग्न है।

As per the Gazette No. **CG-DL-E-10092025-266044 dt. 09.09.2025**, NBEMS is allowed to perform authentication and is permitted the use of Aadhaar during authentication for establishing identity of Aadhaar holder. The said gazette is attached at **Annexure-V.**

**2.5.2** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अत्यधिक सावधानी के साथ अपना आधार दर्ज करें। ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ॉर्म के **"Identification details"** (पहचान संबंधी जानकारी) टैब में एक बार आधार की जानकारी सबमिट हो जाने के बाद, ***इसे एप्लीकेशन प्रोसेस के किसी भी चरण या एडिट विंडो में बदला या अपडेट नहीं किया जा सकता है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे बहुत सावधानी से आधार की जानकारी दर्ज करें।***

The Aadhaar, once submitted in **"Identification details"** tab in online application form, ***cannot be modified or updated at any stage or in edit window*** **of the application process.** ***Candidates are advised to enter the Aadhaar with utmost care.***

**2.5.3** एनबीईएमएस, आधार अधिनियम 2016, उसके तहत बने नियमों और विनियमों, और समय-समय पर जारी सरकारी नोटिफ़िकेशन के प्रावधानों के अनुसार, परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े उम्मीदवारों की पहचान स्थापित करने और उसे वेरिफ़ाई करने के मकसद से ही आधार-आधारित ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करता है।

NBEMS utilizes Aadhaar based authentication solely for the purpose of establishing and verifying the identity of candidates in connection with the examination process, in accordance with the provisions of the Aadhaar Act, 2016, the rules and regulations made thereunder, and relevant Government notifications issued from time to time.

**एनबीईएमएस** आधार प्रमाणीकरण के उद्देश्य से उम्मीदवार का **आधार स्टोर या अपने पास सुरक्षित नहीं रखता है।** आधार प्रमाणीकरण, भारत सरकार और यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित लागू कानूनी और तकनीकी ढांचे के अनुसार अधिकृत प्रमाणीकरण इकोसिस्टम के माध्यम से किया जाता है।

**NBEMS does not store or retain the Aadhaar**, of the candidate for the purpose of Aadhaar authentication. Aadhaar authentication is undertaken through the authorized authentication ecosystem in accordance with the applicable legal and technical framework prescribed by the Government of India and UIDAI.

आधार-आधारित ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल सिर्फ़ उम्मीदवार की पहचान की पुष्टि करने के लिए एक सुविधा के तौर पर किया जाता है और इसे परीक्षा के लिए पात्रता का सबूत नहीं माना जाएगा। ऑथेंटिकेशन प्रोसेस के दौरान मिली जानकारी का इस्तेमाल एनबीईएमएस परीक्षा के संचालन, सुरक्षा, गलत तरीकों (unfair means) के मामलों की रोकथाम और जांच, कानूनी कार्यवाही, नियमों

के पालन और परीक्षा / एडमिशन प्रोसेस से जुड़े अन्य कानूनी कामों के लिए कर सकता है, बशर्ते यह लागू कानूनों और तकनीकी मानकों के तहत मान्य हो।

Aadhaar based authentication is used only as a facilitative measure for candidate identity verification and shall not be treated as proof of eligibility for the examination. Information generated as part of the authentication process, to the extent permitted under applicable laws and technical standards, may be utilized by NBEMS for examination administration, security, prevention and investigation of unfair means cases, judicial proceedings, regulatory compliance and other lawful purposes connected with the examination / admisssion process.

**2.6.** नीट-पीजी 2026 के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा जमा की गई जानकारी और दस्तावेजों को एनबीईएमएस द्वारा परीक्षा और उसके संचालन, उम्मीदवार सत्यापन, पहचान प्रमाणीकरण, परीक्षा सुरक्षा, अनुचित साधनों के मामलों की रोकथाम और जांच, परिणाम प्रसंस्करण, विनियामक अनुपालन, लेखापरीक्षा, न्यायिक कार्यवाही और परीक्षा व प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अन्य कानूनी उद्देश्यों के लिए प्रोसेस किया जाएगा।

The information and documents furnished by candidates in relation to NEET-PG 2026 shall be processed by NBEMS for examination & its administration, candidate verification, identity authentication, examination security, prevention and investigation of unfair means cases, result processing, regulatory compliance, audit, judicial proceedings and other lawful purposes connected with the examination and admission process.

ऐसी जानकारी, जहां आवश्यक और लागू कानून के तहत अनुमत हो, नामित काउंसलिंग प्राधिकरणों, प्रवेश प्राधिकरणों, विनियामक निकायों, अदालतों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सरकारी अधिकारियों और परीक्षा, प्रवेश प्रक्रिया या सांविधिक आवश्यकताओं से संबंधित कार्यों को करने के लिए अधिकृत अन्य संस्थाओं के साथ भी साझा की जा सकती है।

Such information may also be shared, where necessary and permissible under applicable law, with designated counselling authorities, admission authorities, regulatory bodies, courts, law-enforcement agencies, government authorities and other entities authorized to perform functions related to the examination, admission process or statutory requirements.

**2.7.** **यह समझा जाता है कि उम्मीदवारों ने आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने के बाद नीट-पीजी 2026 के लिए सूचना बुलेटिन तथा सूचना बुलेटिन में दिए गए नियमों व शर्तों को पढ़ लिया है, उनसे सहमत हैं तथा उन्हें स्वीकार कर लिया है।**

**Candidates are deemed to have read, agreed and accepted the Information Bulletin and the terms and conditions in the Information Bulletin for NEET-PG 2026 on completing the online submission of application form.**

2.8. उम्मीदवार **यह सुनिश्चित करें** कि ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के दौरान दर्ज की गई सभी जानकारी **सही और तथ्यात्मक हो।** ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवारों द्वारा दी गई जानकारी को ही अंतिम और सही माना जाएगा। आवेदन पत्र में दी गई जानकारी की सत्यता / सटीकता सुनिश्चित करने की पूरी ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

Candidate **should ensure that** all the information entered during the online submission of application form is **correct and factual**. Information provided by the candidates in the online application form shall be treated as final and correct. The candidate shall bear sole responsibility for ensuring the accuracy of the information provided in the application form.

2.9. **एनबीईएमएस एडिट विंडो बंद होने के बाद, किसी भी परिस्थिति में, उम्मीदवारों द्वारा भरी गई जानकारी में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।** एडिट विंडो से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए कृपया **"Instructions to Fill Application Form"** अध्याय देखें।

**NBEMS shall not entertain, under any circumstances, any request for change in the information furnished by the candidates after closure of the Edit Window.** Please refer to the chapter **"Instructions to Fill Application Form"** for details regarding the Edit Window.

2.10. **एनबीईएमएस स्वयं किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र के ऑनलाइन जमा करने के समय उम्मीदवारों द्वारा दर्ज की गई किसी भी जानकारी को संपादित / संशोधित / बदल नहीं करता है।** संपादन विंडो बंद होने के बाद आवेदन पत्र में दी गई जानकारी में कोई भी बदलाव करने के लिए आवेदन पत्र तक पहुँचने का कोई प्रावधान नहीं है। किसी भी तरह के बदलाव के ऐसे अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा। हालाँकि, उम्मीदवार निर्धारित कट-ऑफ तिथियों तक अपलोड की गई छवियों के संबंध में अपने आवेदन में कमियों *(यदि एनबीईएमएस द्वारा सूचित किया जाता है)* को सुधारने में सक्षम होंगे।

**NBEMS itself does not edit / modify / alter any information entered by the candidates at the time of online submission of application form under any circumstances**. There is no provision of accessing the application form to make any changes in the information provided in the application form after closure of edit window. Such requests to make any changes shall not be entertained. Candidates, however,

shall be able to rectify the deficiencies in their application *(if so communicated by NBEMS)* regarding images uploaded, by the prescribed cut-off dates.

**2.11.** कृपया ***नीट-पीजी आवेदन पत्र भरने के निर्देशों*** पर **अध्याय 8** देखें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने जमा किए गए आवेदनों की समीक्षा करें और यदि कोई कमी पाई जाती है, तो नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विंडो के भीतर सुधार करें। उम्मीदवार ध्यान दें कि अपलोड की गई छवियों से संबंधित आवेदन पत्र में कमी उन्हें एनबीईएमएस द्वारा बताई जा सकती है, हालाँकि, **यह सुनिश्चित करना आवेदक की एकमात्र जिम्मेदारी होगी कि प्रस्तुत किया गया आवेदन सूचना बुलेटिन के अनुसार सभी पहलुओं में पूर्ण हो।** *यदि आवेदन पत्र में कोई कमी, त्रुटि अथवा विसंगति, जिसकी सूचना परीक्षा के आयोजन से पूर्व एनबीईएमएस द्वारा उम्मीदवार को नहीं दी गई हो, किसी भी बाद के चरण में पाई जाती है, तो इससे उम्मीदवार के पक्ष में कोई अधिकार या न्यायसंगत दावा उत्पन्न नहीं होगा तथा उसे परीक्षा के लिए पात्रता प्रदान किए जाने का आधार नहीं माना जाएगा।*

Please refer **Chapter 8** on ***Instructions to Fill NEET-PG Application Form*.** Candidates are advised to review their applications submitted and rectify the deficiencies, if found any, within the window as detailed below. Candidates may note that deficiency in the application form pertaining to images uploaded may be communicated to them by NBEMS, however, **it shall be the sole responsibility of the applicant to ensure that the application submitted is complete in all aspects as per the information bulletin.** *If any deficiency in the application which was not communicated by NBEMS to the applicant before conduct of the examination, is noted at any later stage, this would not create any equity in favour of the candidate and confer any rights on to the candidates for grant of eligibility for the examination.*

**2.11.1. एडिट विंडो:** केवल उन्हीं उम्मीदवारों को **25-07-2026 से 28-07-2026** के दौरान अपने आवेदन में एडिट करने की अनुमति दी जाएगी, जिन्होंने "**Online Application Submission Window"** के दौरान सफलतापूर्वक अपना फीस जमा कर दिया है। **एडिट विंडो के दौरान कोई नया आवेदन पंजीकृत नहीं किया जा सकता है और न ही कोई नया भुगतान किया जा सकता है।** हालांकि, अगर कैंडिडेट की कैटेगरी और / या PwD स्टेटस में बदलाव के कारण **कोई अतिरिक्त फ़ीस देनी हो**, तो उसे एडिट विंडो के दौरान भरा जा सकता है। **अधिक जानकारी के लिए कृपया अध्याय 8 में पैरा 8.28 देखें।**

**Edit Window:** Candidates who have successfully submitted their payment for the application during "**Online Application Submission window"** shall only be allowed to edit their applications during **25-07-2026 to 28-07-2026**. **No new application can be registered or payment can be made during edit window.**

However, the balance fee required, **if any**, in case of change in candidate category and / or PwD status can be paid during the edit window. **Kindly refer para 8.28 in Chapter 8 for further details.**

**2.11.2. सिलेक्टिव एडिट विंडो**: एडिट विंडो बंद होने के बाद, एनबीईएमएस द्वारा **Image Scrutiny Portal** के ज़रिए उम्मीदवारों की अपलोड की गई इमेज (फ़ोटो, सिग्नेचर और अंगूठे का निशान) की जांच की जाएगी। **जिन उम्मीदवारों की अपलोड की गई तस्वीरें तय गाइडलाइंस के अनुसार नहीं पाई जाएंगी,** उन्हें **31-07-2026 से 10-08-2026** के बीच ईमेल और / या एप्लीकेंट लॉगिन डैशबोर्ड के ज़रिए सूचित किया जाएगा। **अधिक जानकारी के लिए कृपया अध्याय 8 के धारा 8.31 को देखें।**

**Selective Edit Window:** Subsequent to closure of the Edit Window, uploaded images (photograph, signature and thumb impression) of the candidates shall be scrutinized by NBEMS through the **Image Scrutiny Portal**. Candidates **whose uploaded images are found deficient / non-compliant with the prescribed Image Upload Guidelines** shall be informed through email and **/** or applicant login dashboard during **31-07-2026 to 10-08-2026. Kindly refer clause 8.31 in Chapter 8 for further details.**

**2.12.** एनबीईएमएस आवेदन पत्र, अपलोड की गई छवियों / दस्तावेजों अथवा अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अन्य जानकारियों में पाई गई कुछ कमियों, त्रुटियों अथवा विसंगतियों के संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित कर सकता है। तथापि, ऐसी सूचना केवल एक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से होगी। किसी कमी, त्रुटि अथवा विसंगति के संबंध में एनबीईएमएस द्वारा सूचना न दिए जाने मात्र से अभ्यर्थी के पक्ष में कोई अधिकार, न्यायसंगत दावा अथवा निहित अधिकार उत्पन्न नहीं होगा।

NBEMS may communicate certain deficiencies / errors observed in the application form, uploaded images / documents or other particulars furnished by the candidate. However, such communication shall be merely a facilitative measure. Non-communication of any deficiency, discrepancy or defect by NBEMS shall not confer any right, equity or vested claim upon the candidate.

**2.13.** नीट-पीजी 2026 के लिए आवेदन केवल एनबीईएमएस वेबसाइट **https://natboard.edu.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

Application for NEET-PG 2026 can only be submitted online through NBEMS website **https://natboard.edu.in**

**आवेदन जमा करने के लिए कोई अन्य पद्धति नहीं है। किसी अन्य माध्यम से जमा किया गया आवेदन तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

**There is no other methodology for application submission. Application submitted through any other mode shall be summarily rejected.**

**अंतिम समय की जल्दबाजी, इंटरनेट ट्रैफिक, फीस की विफलता, बिजली गुल होना, ब्राउज़र की असंगति, इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्याओं या एनबीईएमएस के उचित नियंत्रण से बाहर के किसी भी अन्य कारण से उम्मीदवारों द्वारा अपना आवेदन जमा न कर पाने की स्थिति में एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा।**

**NBEMS shall not be responsible for inability of candidates to submit their applications on account of last-minute rush, heavy internet traffic, payment failures, power failure, browser incompatibility, internet connectivity issues or any other cause beyond the reasonable control of NBEMS.**

**'Application submission window' समाप्त होने के बाद, किसी भी कारण से आवेदन स्वीकार करने के किसी भी अनुरोध पर एनबीईएमएस द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।**

**No request for acceptance of application after closure of the 'Application Submission Window', for any reason whatsoever, shall be entertained by NBEMS.**

**2.14.** उम्मीदवारों को कड़ी सलाह दी जाती है कि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी, परीक्षा संबंधी दस्तावेज, आवेदन विवरण, लॉगिन क्रेडेंशियल्स, ओटीपी, पहचान संबंधी दस्तावेज, फोटोग्राफ, प्रवेश पत्र, स्कोरकार्ड अथवा अन्य किसी भी संवेदनशील जानकारी को किसी तृतीय पक्ष, परीक्षा तैयारी सेवा प्रदाता, ऑनलाइन मंच, एजेंसी अथवा व्यक्ति के साथ साझा करने से बचें।

Candidates are strongly cautioned not to share their personal information, examination-related documents, application details, login credentials, OTPs, identity documents, photographs, admit cards, scorecards, or any other sensitive information with any third party, exam preparation service provider, online platform, agency, or individual.

ऐसी जानकारी का प्रकटीकरण अनधिकृत संचार, प्रतिरूपण के प्रयासों, पहचान की चोरी, धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों, परीक्षा संबंधी कदाचार तथा अन्य प्रकार के दुरुपयोग के जोखिम को बढ़ा सकता है। एनबीईएमएस ने किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति को अपनी ओर से उम्मीदवारों से परीक्षा संबंधी अथवा व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने, प्राप्त करने या मांगने हेतु अधिकृत नहीं किया है।

Disclosure of such information significantly increases the risk of unauthorized communications, impersonation attempts, identity theft, fraudulent activities, examination malpractices, or other forms of misuse. NBEMS does not authorize any entity or individual to collect, solicit, or seek examination-related or personal information from candidates on its behalf.

उम्मीदवारों द्वारा किसी तृतीय पक्ष के साथ जानकारी अथवा दस्तावेज साझा किए जाने अथवा उनके अनधिकृत प्रकटीकरण के परिणामस्वरूप उत्पन्न किसी भी प्रतिकूल परिणाम, धोखाधड़ी या हानि के लिए एनबीईएमएस उत्तरदायी नहीं होगा। उम्मीदवारों को केवल एनबीईएमएस द्वारा उसके आधिकारिक माध्यमों से जारी सूचनाओं पर ही विश्वास करने तथा किसी भी अनचाहे अनुरोध अथवा संचार के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

NBEMS shall not be held liable or responsible for any adverse consequences, fraud, or loss arising from the unauthorized disclosure of information or documents by the candidates to any third party. Candidates are advised to rely solely on official communications issued directly by NBEMS and to remain vigilant against unsolicited requests.

**2.15.** एक उम्मीदवार नीट-पीजी 2026 हेतु केवल एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा नीट-पीजी 2026 के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने का पता चलता है, तो एनबीईएमएस उच्च क्रमांक वाले आवेदन संख्या (आवेदन क्रम संख्या) वाले आवेदन पत्र के आधार पर प्रवेश पत्र जारी कर सकता है तथा अन्य आवेदन पत्रों को निरस्त करते हुए उनके लिए जमा परीक्षा शुल्क जब्त कर सकता है। अगर एनबीईएमएस को परीक्षा या एडमिशन प्रोसेस के किसी भी चरण में कोई अनुचित तरीका (unfair practice) अपनाए जाने का पता चलता है, तो वह एनबीईएमएस की 'अनुचित तरीकों से संबंधित गाइडलाइन्स' (Unfair Means Guidelines) के प्रावधानों के अनुसार संबंधित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर सकता है और उन्हें एनबीईएमएस द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा में शामिल होने से रोक (Debar) सकता है।

A candidate can submit NEET-PG 2026 application form only once. If a candidate is found to have submitted more than one application form for NEET-PG 2026, NBEMS may issue admit card to the application bearing higher order Application number (application sequence number) and cancel other application(s) forfeiting the fee for them. If NBEMS detects any unfair practice at any stage of the examination or admission process, it may cancel the candidature of the candidates concerned and debar them

from appearing in any NBEMS-conducted examinations, in accordance with the provisions of the NBEMS Unfair Means Guidelines.

**2.16.** जो उम्मीदवार ज़रूरी दस्तावेज़ों के साथ पूरी तरह से भरे हुए आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं, या सुधार के लिए तय आखिरी तारीख तक अपने आवेदनों में कमियों को ठीक नहीं कर पाते हैं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। **परीक्षा आयोजित होने से पहले जिन उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, उन्हें प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।** ऐसे मामलों में, आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

Candidates who fail to submit duly completed applications with requisite documents and / or fail to rectify the deficiencies in their applications by the last date prescribed for rectification shall be declared ineligible. **Admit Card shall not be issued to candidates who are declared INELIGIBLE before conduct of examination.** In such cases, the application fees will be forfeited.

**2.17.** **जो उम्मीदवार गलत या बनावटी जानकारी / रिकॉर्ड देंगे, उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों को एनबीईएमएस द्वारा आयोजित भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से भी रोक दिया जाएगा। यदि गलत या मनगढ़ंत रिकॉर्ड / सूचना प्रस्तुत की जाती है या कोई अनुचित साधन इस्तेमाल किया जाता है तो एनबीईएमएस द्वारा उचित समझी जाने वाली कार्रवाई की जाएगी।**

**Applications of candidates producing false or fabricated information / records will not be considered and such candidates will be further debarred from appearing in the future examinations conducted by NBEMS. Action as deemed appropriate by NBEMS will be taken if false or fabricated records / information is submitted or any unfair means are used.**

**2.18.** उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि दी गई जानकारी तथ्यात्मक हो और दस्तावेजों के साथ समर्थित हो। आवेदन पत्र में (*) चिह्नित कॉलम अनिवार्य हैं और उन्हें खाली नहीं छोड़ा जा सकता है। आवेदन पत्र के अस्वीकार होने की स्थिति में, किसी भी पत्राचार / पुनर्विचार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

Candidates are advised to ensure that the information provided is factual and supported with documents. Columns marked (*) in the application form are mandatory and cannot be left blank. In the event of rejection of the application form, no correspondence/request for re-consideration will be entertained.

**2.19.** परीक्षा के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनकी एमबीबीएस डिग्री या उसके बराबर की योग्यता एनएमसी अधिनियम 2019, पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशंस, 2023 और / या स्क्रीनिंग टेस्ट रेगुलेशंस, 2002 और उनमें बाद में किए गए संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त है। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि एमबीबीएस डिग्री मान्यता प्राप्त नहीं है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी / परिणाम रद्द कर दिया जाएगा / रद्द माना जाएगा।

Candidates should ensure before applying for the examination that their MBBS degree or equivalent qualification is recognized as per provisions of the NMC Act, 2019, the Post Graduate Medical Education Regulations, 2023 and ***/*** or Screening Test Regulations, 2002 & its subsequent amendments. If it is found at any time that MBBS degree is not recognized, the candidature ***/*** result of the candidate shall be cancelled ***/*** deemed to be cancelled.

**2.20.** उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले पात्रता मानदंड के लिए इस बुलेटिन को ध्यान से पढ़ना चाहिए। पात्रता और अन्य मुद्दों से संबंधित प्रश्नों पर केवल तभी विचार किया जाएगा जब मांगी गई जानकारी सूचना बुलेटिन या एनबीईएमएस वेबसाइट में नहीं दी गई हो।

Candidates should go through this bulletin carefully for eligibility criteria before applying. Queries pertaining to eligibility and other issues will only be entertained if the information requested is not given in the bulletin of information **or** NBEMS website.

**पात्रता और परिणामों के प्रकटीकरण के संबंध में अभिभावकों / माता-पिता के टेलीफोन पर पूछे गए किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**No Queries of the Guardians / Parents will be entertained on telephone with regard to the eligibility / deficiency and disclosure of the results.**

**2.21.** निर्धारित निर्देशों के अनुसार अधूरे ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। ऐसे मामलों में परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

Submission of incomplete online application form not in accordance with prescribed instructions shall invite rejection of the application. In such cases, the examination fee shall not be refunded.

**2.22.** नीट-पीजी 2026 परीक्षा के किसी भी चरण में अयोग्य पाए जाने वाले उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी अयोग्य उम्मीदवार के नीट-पीजी 2026 परीक्षा में बैठने और / या उत्तीर्ण

होने की अप्रत्याशित स्थिति में, ऐसे उम्मीदवार का परिणाम / उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और / या रद्द मानी जाएगी, *भले ही परिणाम घोषित कर दिया गया हो या स्कोरकार्ड जारी कर दिया गया हो।*

Candidate found ineligible at any stage of NEET-PG 2026, will not be permitted to appear in the examination. In an unlikely event of any ineligible candidate appearing and / or passing the NEET-PG 2026, the results / candidature of such candidate shall be cancelled and / or is deemed to be cancelled, *even if result has been declared or scorecard has been issued.*

**2.23.** एनबीईएमएस किसी भी ऐसे उम्मीदवार को अनजाने में दी गई अनुमति, *यदि कोई हो, वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो नीट-पीजी 2026 में उपस्थित होने के लिए पात्र नहीं है, भले ही प्रवेश पत्र / रोल नंबर जारी कर दिया गया हो या नाम / रोल नंबर एनबीईएमएस वेबसाइट पर प्रदर्शित हो।*

NBEMS reserves the right to withdraw permission, *if any, granted inadvertently to any candidate who is not eligible to appear in the NEET-PG 2026 even though the admit card / roll number has been issued or name / roll number is displayed on NBEMS website.*

**2.24.** किसी भी स्थिति में फीस **न तो किसी भविष्य की परीक्षा के लिए आगे ले जाई जाएगी** और **न ही वापस** की जाएगी। एक बार आवेदन जमा करने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता।

Fee shall **neither be carried forward to any future exam nor refunded** under any circumstances. Application once submitted cannot be withdrawn.

**2.25.** उम्मीदवारों की पात्रता पूर्णतया अनंतिम है तथा इस सूचना बुलेटिन में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर निर्भर है।

Candidates' eligibility is purely provisional and subject to fulfilment of the prescribed eligibility criteria as mentioned in this Information Bulletin.

**2.26.** **सूचना बुलेटिन में दिए गए निर्देश एनबीईएमएस / एमओएचएफडब्ल्यू / एनएमसी / MCC of DGHS / एएफएमएस द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णयों के आधार पर बदले जा सकते हैं।** उम्मीदवार के पक्ष में कोई इक्विटी या कोई अधिकार नहीं है जो उत्पन्न हो रहा है या होने वाला माना जाता है। उम्मीदवारों को इन परिवर्तनों को शामिल करने के लिए जारी किए जा सकने वाले नवीनतम बुलेटिन या शुद्धिपत्र का संदर्भ लेना आवश्यक है। नवीनतम अपडेट या शुद्धिपत्र के लिए एनबीईएमएस वेबसाइट **https://natboard.edu.in** देखें।

**Instructions in the Information Bulletin are liable to change based on decisions taken by the NBEMS / MoHFW / NMC / MCC of DGHS / AFMS from time to time.**

There is no equity or any rights that are **/** or deemed to be arising in favour of candidate. Candidates are required to refer to the latest bulletin or corrigendum that may be issued to incorporate these changes. Refer NBEMS website **https://natboard.edu.in** for latest updates or corrigendum.

**2.27.** मौजूदा शेड्यूल, पैटर्न, नीति और दिशा-निर्देश केवल संदर्भ के लिए हैं, लेकिन किसी भी तरह से, उन्हें इस तथ्य का प्रतिनिधि या स्वीकृति नहीं माना जाना चाहिए कि एनबीईएमएस भविष्य में उनका पालन करने के लिए बाध्य है। एनबीईएमएस इस सूचना बुलेटिन में निहित किसी भी या कुछ निर्देशों / दिशा-निर्देशों को बदलने, संशोधित करने, संशोधित करने या लागू करने का अपना पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

The existing schedule, pattern, policy and guidelines are for ready reference only but in no way, they are or are ought to be treated as representative or acknowledgment of fact that NBEMS is bound to follow the same in future. NBEMS reserves its absolute right to alter, amend, modify or apply any or some of the instructions / guidelines contained in this information bulletin.

**2.28.** पात्रता निर्धारण / परीक्षाओं के संचालन / उम्मीदवारों के पंजीकरण / इसमें निहित जानकारी के संबंध में किसी भी निर्देश / शर्तों / नियमों / मानदंडों की व्याख्या में किसी भी अस्पष्टता की स्थिति में, एनबीईएमएस की व्याख्या अंतिम और बाध्यकारी प्रकृति की होगी। बुलेटिन के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण में निहित जानकारी में किसी भी विसंगति के मामले में, अंग्रेजी भाषा में उल्लिखित जानकारी को अंतिम और बाध्यकारी माना जाएगा।

In case of any ambiguity in interpretation of any of the instructions / terms / rules / criteria regarding the determination of eligibility / conduct of examinations / registration of candidates / information contained herein, the interpretation of the NBEMS shall be final and binding in nature. In case of any discrepancy in the information contained in English and Hindi version of the bulletin, the information mentioned in English language shall be considered final and binding.

**2.29.** **किसी भी परिस्थिति में परीक्षा की तिथि या परीक्षा केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस प्रकार के बदलावों के लिए न तो कोई पैरवी करें और न ही कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।**

**Request shall not be entertained for change in date / center of examination under any circumstances. Candidates are advised not to canvass or represent for changes.**

**2.30.** नीट-पीजी 2026 के लिए प्रवेश पत्र **27-08-2026** से एनबीईएमएस की वेबसाइट (**https://natboard.edu.in**) पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। परीक्षा आयोजित होने से पहले जिन उम्मीदवारों को अयोग्य पाया जाएगा, उन्हें प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।

Admit Cards for NEET-PG 2026 will be available for download on the NBEMS website (**https://natboard.edu.in**) from **27-08-2026** onwards. Candidates found ineligible before conduct of the examination shall not be issued admit cards.

**2.31.** नीट-पीजी 2026 का परिणाम एनबीईएमएस वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर प्रकाशित किया जाएगा।

Result of NEET-PG 2026 shall be published on NBEMS websites **https://natboard.edu.in**

**2.32.** नीट-पीजी 2026 के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रदान की गई अथवा परीक्षा प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न की गई सूचना, दस्तावेज, अभिलेख एवं डेटा को केवल उतनी अवधि तक ही सुरक्षित रखा जाएगा, जितनी परीक्षा संचालन, प्रवेश प्रक्रिया, लेखा-परीक्षण (ऑडिट), शिकायत निवारण, विवाद समाधान तथा लागू विधिक एवं नियामकीय आवश्यकताओं के अनुपालन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक हो। अभ्यर्थियों के आवश्यक मास्टर डेटा, परीक्षा परिणामों तथा शुल्क भुगतान संबंधी अभिलेखों को सत्यापन, अभिलेख-रक्षण (record-keeping) तथा लागू कानून के अनुसार अनुपालन संबंधी उद्देश्यों के लिए दीर्घ अवधि तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

The information, documents, records, and data furnished by candidates or generated in connection with NEET-PG 2026 shall be retained only for as long as necessary to fulfil the purposes of examination administration, admission processes, audits, grievance redressal, dispute resolution, and compliance with applicable legal and regulatory requirements. Essential candidate master data, examination results, and fee payment records may be retained for longer periods solely for verification, record-keeping, and compliance purposes, as required under applicable law.

**2.33.** नीट-पीजी 2026 का आयोजन एनबीईएमएस द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र के मार्ग और स्थान से पहले ही परिचित हो जाएं ताकि परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में अंतिम समय में होने वाली किसी भी देरी से बचा जा सके। कृपया टेस्ट डे प्रक्रियाओं के विवरण पर अध्याय देखें।

NEET-PG 2026 shall be conducted by NBEMS at various exam centres engaged for the purpose. Candidates are advised to familiarise themselves with the route and location

of the exam centre well in advance to avoid any last-minute delay in arrival to the exam centre. Please refer Chapter on details of Test Day Procedures.

**2.34.** ड्यूटी पर मौजूद परीक्षा केंद्र के कर्मचारी उम्मीदवारों की पहचान सत्यापित करने के लिए अधिकृत हैं और वे उम्मीदवारों की पहचान सत्यापित करने और उसे दर्ज करने के लिए कदम उठा सकते हैं। उम्मीदवारों को अपेक्षित सहयोग देना होगा।

The examination test centre staff on duty is authorized to verify the identity of candidates and may take steps to verify and record the identity of candidates. Candidates are required to extend requisite cooperation.

**2.35.** एनबीईएमएस परीक्षा केंद्रों के परिसर में मोबाइल फोन / इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग / कब्जा सख्त वर्जित है। मोबाइल फोन / इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के कब्जे / उपयोग के लिए उम्मीदवारों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नीट-पीजी 2026 में किसी भी अनुचित व्यवहार का उपयोग करने पर एनबीईएमएस के अनुचित साधनों के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। ऐसे उम्मीदवारों पर लागू होने वाले शैक्षणिक और / या आपराधिक दंड लगाए जाएंगे। कृपया परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग पर अध्याय में विस्तृत दिशा-निर्देश देखें।

Possession / Use of mobile phones / Electronic devices is strictly prohibited in the premises of NBEMS test centres. Candidates shall be liable for penal action for Possession / Use of Mobile phones / Electronic devices. Resorting to use of any unfair practice in NEET-PG 2026 shall be dealt with as per the Unfair Mean Guidelines of NBEMS. Such candidates shall be imposed academic and / or criminal punishments as may be applicable. Please go through guidelines detailed in Chapter on use of unfair means in the examination.

**2.36.** **डेमो टेस्ट:** उम्मीदवारों के लाभ के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट प्रारूप से परिचित होने के लिए वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर एक डेमो टेस्ट उपलब्ध होगा। उम्मीदवार संभवतः **15-08-2026 के बाद से** डेमो टेस्ट का उपयोग कर सकेंगे।

**Demo Test:** A demo test shall be available for the benefit of candidates to familiarise themselves with the Computer Based Test format at website **https://natboard.edu.in** Candidates will be able to access the Demo test tentatively from **15-08-2026 onwards**.

**2.37.** उम्मीदवारों को नीट-पीजी 2026 से संबंधित मामलों के संबंध में एनबीईएमएस के साथ केवल निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ही संवाद करना चाहिए, जिसका विवरण संचार प्रोटोकॉल अध्याय के अंतर्गत दिया गया है।

The candidates should communicate with NBEMS regarding matters related to NEET-PG 2026 as per prescribed Protocols only, detailed under Chapter on Communication Protocols.

**2.38.** उम्मीदवारों को नीट-पीजी 2026 के लिए "हेल्पडेस्क" टैब के माध्यम से संवाद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसे आवेदक द्वारा अपने आवेदन खाते में लॉगिन करने के बाद एक्सेस किया जा सकता है। डाक के माध्यम से पत्राचार कार्यकारी निदेशक, आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, मेडिकल एन्क्लेव, महात्मा गांधी मार्ग, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029 को संबोधित किया जाना चाहिए। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे शीघ्र प्रसंस्करण के लिए लिफाफे पर पत्राचार के विषय के बारे में लिखें।

Candidates are encouraged to communicate for NEET-PG 2026 through "Helpdesk" tab which can be accessed after the applicant login to its application account. The correspondence through post should be addressed to the Executive Director, National Board of Examinations in Medical Sciences, Medical Enclave, Mahatma Gandhi Marg, Ansari Nagar, New Delhi-110029. Candidates are requested to superscribe the envelope with the subject matter of the correspondence for expeditious processing.

**2.39.** **नामित काउंसलिंग प्राधिकारी द्वारा आयोजित की जाने वाली काउंसलिंग के समय नीट-पीजी 2026 के लिए पंजीकरण, एनबीईएमएस नीट-पीजी 2026 में उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत विवरण / जानकारी के अनुसार होगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना पंजीकरण विवरण जैसे मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि वही बनाए रखें जो एनबीईएमएस नीट-पीजी 2026 आवेदन पत्र में दिए गए हैं।**

**The Registration for NEET-PG 2026 at the time of Counseling to be conducted by designated counseling authority will be as per the details / information of the candidates submitted in NBEMS's NEET-PG 2026. Hence, candidates are advised to maintain their same Registration details e.g. Mobile Number, Email ID etc. as provided in the NBEMS NEET-PG 2026 application form.**

**2.40.** **अदालती मामलों / विवादों का क्षेत्राधिकार केवल नई दिल्ली में होगा।**

**The jurisdiction for court cases / disputes shall be at New Delhi only.**

# 3. परीक्षा शुल्क / Examination Fee

### 3.1. परीक्षा शुल्क / Examination Fee:

| उम्मीदवार की श्रेणी<br>Category of Candidate | परीक्षा शुल्क*<br>Examination Fee* |
|---|---|
| सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस<br>General, OBC and EWS | ₹ 3500/- |
| एससी, एसटी और पीडब्ल्यूडी<br>SC, ST, PwBD | ₹ 2500/- |

*विभिन्न भुगतान गेटवे द्वारा लागू शुल्क को छोड़कर। / Excluding charges as may be applicable by various payment gateways.

**3.2.** एक बार आवेदन पत्र जमा किए जाने के पश्चात् उसे वापस नहीं लिया जा सकेगा। परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में न तो वापस किया जाएगा और न ही भविष्य की किसी परीक्षा के लिए समायोजित अथवा अग्रेषित किया जाएगा। परीक्षा शुल्क की वापसी, समायोजन, हस्तांतरण अथवा भविष्य की किसी परीक्षा के लिए अग्रेषित किए जाने संबंधी किसी भी अनुरोध पर एनबीईएमएस द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

Applications forms once submitted cannot be withdrawn. The examination fee shall neither be refunded nor carried forward to any future examination under any circumstances. No request for refund, adjustment, transfer or carry forward of the examination fee shall be entertained by NBEMS.

**3.3.** **भुगतान कैसे करें:** निर्धारित परीक्षा शुल्क यूपीआई या भारत में बैंकों द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड या अन्य उपलब्ध तरीकों का उपयोग करके प्रदान किए गए भुगतान गेटवे के माध्यम से जमा किया जाना चाहिए जो वेब पेज पर उपलब्ध कराए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करते समय उपलब्ध भुगतान गेटवे के अलावा किसी अन्य माध्यम से शुल्क जमा नहीं किया जा सकता है।

**How to pay:** The prescribed exam fee should be remitted through payment gateway provided using UPI or Credit Card / Debit Cards issued by banks in India or other modes as may be made available and have been provided on the web page. Fee can not be deposited through any mode other than the payment gateway available while submitting online application form submission.

**3.4.** अनुपस्थित रहने वाले या किसी कारणवश अयोग्य घोषित किए गए उम्मीदवारों की परीक्षा फीस जब्त कर ली जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नीट-पीजी 2026 के लिए सूचना बुलेटिन को ध्यान से पढ़ें और शुल्क का भुगतान करने से पहले पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए नियम और शर्तों को पूरा करें।

Examination fees in respect of candidates who are absent or have been declared ineligible due to any reason shall be forfeited. Candidates are advised to read the information bulletin for NEET-PG 2026 carefully and satisfy the terms and conditions for fulfilment of eligibility criteria before proceeding for payment of fees.

**3.5.** कृपया सुनिश्चित करें कि परीक्षा शुल्क के लिए किया गया भुगतान सफल है और इसकी पुष्टि आवेदन पत्र में भुगतान स्थिति के अंतर्गत देखी जा सकती है जो **"S"** (सफल के लिए) के रूप में दिखाई देती है। यदि स्थिति लंबित दिखाई देती है, तो भुगतान आपके बैंक के पास अटका हुआ हो सकता है और बाद की तारीख में साफ़ किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की प्रक्रिया तब तक पूरी नहीं होती है जब तक कि आवेदन पत्र में भुगतान की स्थिति **"S"** के रूप में दिखाई न दे। आपके बैंक द्वारा एनबीईएमएस को भुगतान के निपटान में देरी के कारण आपके आवेदन को अस्वीकार करने के लिए एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा।

Kindly ensure that the payment made for examination fee is successful and confirmation of the same can be seen in the application form under payment status reflected as **"S"** (for successful). In case the status is shown as pending, the payment might be stuck with your bank and might be cleared at a later date. The application submission process in not completed till such time the status of payment is reflected as **"S"** in application form. NBEMS shall not be responsible for rejection of your application due to delay in settlement of the payment by your bank to NBEMS.

**3.6.** यदि किसी एक ही **आवेदन क्रम संख्या** के संबंध में परीक्षा शुल्क का एक से अधिक बार भुगतान प्राप्त होता है, तो आवेदन अवधि समाप्त होने के पश्चात् एनबीईएमएस निर्धारित परीक्षा शुल्क को सुरक्षित रखते हुए प्राप्त अतिरिक्त शुल्क वापस कर देगा। अभ्यर्थियों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें तथा संभावित तकनीकी समस्याओं, भुगतान विफलता अथवा भुगतान लेन-देन के विलंबित मिलान (Reconciliation) से बचने के लिए परीक्षा शुल्क के भुगतान सहित संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया समय रहते पूर्ण कर लें।

In an event of receipt of duplicate / multiple examination fees towards the same **Application Sequence Number**, NBEMS shall refund the excess fees received for an application retaining the prescribed examination fee, after closure of application window. Candidates are strongly advised not to wait till the last date for submission of application form and to complete the application process, including payment of examination fee, well in advance to avoid possible technical issues, payment failures or delayed reconciliation of payment transactions.

3.7. नीट-पीजी 2026 के लिए आवेदन जमा करने का एकमात्र मान्य तरीका एनबीईएमएस की वेबसाइट के ज़रिए तय समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म जमा करना होगा। किसी अन्य तरीके से या आवेदन जमा करने की तय समय-सीमा खत्म होने के बाद जमा किए गए आवेदनों को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन जमा करने की समय-सीमा खत्म होने के बाद, किसी भी कारण से आवेदन स्वीकार करने के अनुरोध पर एनबीईएमएस द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा।

The online submission of application form through the NBEMS website within the prescribed timeline shall be the only valid mode of application submission for NEET-PG 2026. Applications submitted through any other mode and / or after closure of the prescribed application submission window shall not be accepted under any circumstances. No request for acceptance of application after closure of the application submission window, for any reason whatsoever, shall be entertained by NBEMS.

3.8. उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदन पत्र भरते समय उनके पास स्टेबल इंटरनेट कनेक्शन हो और वे कम्पैटिबल डिवाइस / ब्राउज़र का इस्तेमाल करें। उम्मीदवार की ओर से हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, ब्राउज़र की असंगति या बिजली से संबंधित समस्याओं के कारण आवेदन में आने वाली बाधा, अधूरे जमा होने या जमा न हो पाने की स्थिति के लिए एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा।

Candidates shall ensure availability of stable internet connectivity and use of compatible device / browser while filling the application form. NBEMS shall not be responsible for interruption, incomplete submission or non-submission of application caused due to candidate-side hardware, software, internet connectivity, browser compatibility or power-related issues.

# 4. पात्रता मापदंड / Eligibility Criteria

**नीट-पीजी 2026 में शामिल होने के लिए पात्रता मानदंड इस प्रकार हैं / The eligibility criteria to appear in NEET-PG 2026 is as follows:**

## 4.1. भारतीय चिकित्सा स्नातकों के लिए पात्रता मानदंड / ELIGIBILITY CRITERIA FOR INDIAN MEDICAL GRADUATES

**जिन उम्मीदवारों ने भारत से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है, उन्हें यह करना होगा / Candidates who have completed their MBBS from India must:**

एनएमसी अधिनियम, 2019 और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम, 2023 के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त एमबीबीएस डिग्री या अनंतिम एमबीबीएस पास प्रमाणपत्र होना चाहिए।

Possess MBBS degree or Provisional MBBS Pass Certificate recognized as per the provisions of the NMC Act, 2019 and the Post Graduate Medical Education Regulations, 2023,

**एवं / and**

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) / पूर्ववर्ती भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (एमसीआई) **या** राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा जारी एमबीबीएस योग्यता का स्थायी **या** अनंतिम पंजीकरण प्रमाण पत्र रखना होगा।

Possess Permanent **or** Provisional registration certificate of MBBS qualification issued by the National Medical Commission (NMC) / the erstwhile Medical Council of India (MCI) **or** State Medical Council,

**एवं / and**

एक वर्ष की इंटर्नशिप पूरी कर ली हो **या** **30-09-2026** को **या** उससे पहले इंटर्नशिप पूरी करने की संभावना हो ।

have completed one year of internship **or** are likely to complete the internship on **or** before **30-09-2026.**

**4.2.** नीट-पीजी 2026 के किसी भी चरण में अयोग्य पाए जाने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा और / या काउंसलिंग में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी अयोग्य उम्मीदवार के नीट-पीजी 2026 में उपस्थित होने और / या सफल होने की अप्रत्याशित स्थिति में, ऐसे उम्मीदवार का परिणाम / उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और / या रद्द मानी जाएगी।

Candidates found to be ineligible at any stage of NEET-PG 2026 will not be permitted to appear in the examination and **/** or counseling. In an unlikely event of any ineligible

candidate appearing and **/** or being successful in the NEET-PG 2026, the results **/** candidature of such candidate shall be cancelled and / or are deemed to be cancelled.

**4.3.** जिन अभ्यर्थियों की अनिवार्य इंटर्नशिप **30-09-2026** के पश्चात् पूर्ण होनी है अथवा जिनकी योग्यता राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 तथा निरसित भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त नहीं है, उनके द्वारा नीट-पीजी 2026 में सम्मिलित होने हेतु किए गए आवेदन बिना किसी अन्य विचार के सीधे अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को आगे यह भी सलाह दी जाती है कि वे इस संबंध में किसी प्रकार का अभ्यावेदन प्रस्तुत न करें ।

Requests for appearing in NEET-PG 2026 from candidates completing internship after **30-09-2026** or having qualifications that are not recognized as per the NMC Act, 2019 and the repealed IMC Act, 1956 shall be summarily rejected. Candidates are further advised not to canvass for the same.

**4.4.** आवेदन पत्र में 12 महीने की अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा बताई गई तिथियां (अर्थात इंटर्नशिप शुरू होने और समाप्ति की तिथि) को अंतिम माना जाएगा और उम्मीदवारों को आवंटित मेडिकल कॉलेज / संस्थान में काउंसलिंग / प्रवेश के समय अनिवार्य रोटेटिंग रेजिडेंट इंटर्नशिप पूरा होने का मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

The dates indicated by candidates with regard to 12 months Compulsory Rotating Resident Internship in the application form (i.e. internship starting and completion date) shall be treated as final and candidates will be required to submit the original Compulsory Rotatory Internship completion certificate at the time of counseling **/** admission in allotted Medical College **/** Institute.

**4.5.** जिन मेडिकल कॉलेजों से उम्मीदवारों ने एमबीबीएस डिग्री कोर्स पास किया है और वर्ष 2026 के लिए अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप पूरी की है, उनकी मान्यता के लिए कट ऑफ तिथियां एनएमसी द्वारा निर्धारित की जाएंगी। एनएमसी द्वारा निर्धारित कट-ऑफ तिथि के बाद मान्यता प्राप्त कॉलेजों पर विचार नहीं किया जाएगा।

The cut-off dates for the recognition of the Medical Colleges, from where the candidates have passed their MBBS Degree Course and completed compulsory rotatory Internship for the year 2026 will be as prescribed by the NMC. The Colleges recognized after the cut-off date prescribed by the NMC will not be considered.

**4.6.** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) / पूर्ववर्ती भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (एमसीआई) या राज्य चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकरण आवश्यक है और **इसका दस्तावेजी प्रमाण उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा के दिन तथा काउंसलिंग / प्रवेश के समय प्रस्तुत किया जाना चाहिए।**

Registration with the National Medical Commission (NMC) **/** the erstwhile Medical Council of India (MCI) or State Medical Council is necessary and **its documentary proof should be furnished by the candidates on the day of examination and at the time of counseling / admission.**

**4.7.** कुछ विश्वविद्यालयों / संस्थानों में यह नियम है कि जो उम्मीदवार पहले से ही उनके विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स कर रहे हैं, वे तब तक प्रवेश के लिए पात्र नहीं हैं जब तक वे कोर्स पूरा नहीं कर लेते। जो उम्मीदवार पहले से ही अखिल भारतीय कोटा या राज्य कोटा के माध्यम से पीजी कोर्स कर रहे हैं और अखिल भारतीय कोटा / राज्य कोटा सीटों के तहत सीट के लिए आवेदन कर रहे हैं, वे इस संबंध में उस विश्वविद्यालय की पात्रता शर्तों की पुष्टि कर सकते हैं। **यदि ऐसे उम्मीदवारों को प्रवेश देने से मना कर दिया जाता है, तो एनबीईएमएस / एमओएचएफडब्ल्यू / नामित परामर्श प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।** ऐसे उम्मीदवार अपनी ज़िम्मेदारी और खर्च पर स्पेशलिटी / कोर्स और कॉलेज चुन सकते हैं।

Some of the Universities **/** Institutions are having regulations that candidates who are already pursuing the PG Course in their University **or** in another University are not eligible for admission till they complete the course. The candidates who are already pursuing PG Courses either through All India Quota or State Quota and are applying for a seat under All India Quota **/** State quota seats may confirm the eligibility conditions of that University in this regard. **NBEMS / MoHFW / Designated Counseling Authority shall not be responsible if such candidates are refused for admission**. Such candidates may opt for the specialty / course and the college at their own risk and cost

**4.8.** डीम्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए एनआरआई की परिभाषा WP 689/2017 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 22/08/2017 के आदेश के अनुसार होगी।

The definition of NRI for admission to Deemed University shall be as per Hon'ble Supreme Court order dated 22/08/2017 in WP 689/2017.

**4.9.** परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की पात्रता पूर्णतः अनंतिम (Provisional) होगी। नीट-पीजी 2026 में सम्मिलित होने मात्र से उम्मीदवार को पोस्टग्रेजुएट एमडी / एमएस / डीएनबी / प्रत्यक्ष 6 वर्षीय सुपर स्पेशलिटी अथवा एनबीईएमएस डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का कोई स्वचालित अथवा निहित अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

Eligibility of candidates issued admit card for the examination shall be purely provisional. Appearance in NEET-PG 2026 does not confer any automatic rights upon the candidate for admission to Postgraduate MD / MS / DNB / Direct 6 years Super Specialty / NBEMS Diploma courses.

**4.10. फॉरेन मेडिकल स्नातकों के लिए पात्रता मानदंड:** भारतीय नागरिक या भारत के विदेशी नागरिक जिन्होंने भारत के बाहर के मेडिकल कॉलेजों से अपनी प्राथमिक चिकित्सा योग्यता प्राप्त की है, उन्हें स्क्रीनिंग टेस्ट विनियम, 2002 के अनुसार फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा (स्क्रीनिंग टेस्ट) उत्तीर्ण करना चाहिए, जो आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है। इसके अलावा, उन्हें एनएमसी / तत्कालीन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया या स्टेट मेडिकल काउंसिल के साथ पंजीकृत होना चाहिए और अपनी इंटर्नशिप पूरी करनी चाहिए थी या **30-09-2026** को **या** उससे पहले अपनी इंटर्नशिप पूरी करने की संभावना थी।

**ELIGIBILITY CRITERIA FOR FOREIGN MEDICAL GRADUATES**: Indian Citizens or Overseas Citizens of India who have obtained their Primary Medical Qualifications from Medical Colleges outside India should have qualified the Foreign Medical Graduate Examination (Screening Test) as per Screening Test Regulations, 2002 which is conducted by National Board of Examinations in Medical Sciences (NBEMS). Further, **t**hey should have been registered with the NMC / the erstwhile Medical Council of India or State Medical Council and should have completed their internship or likely to complete their internship on **or** before **30-09-2026.**

## 4.11. विदेशी नागरिकों के लिए पात्रता मानदंड / ELIGIBILITY CRITERIA FOR FOREIGN NATIONALS:

**4.11.1.** उनकी मूल चिकित्सा योग्यता, एमबीबीएस के समकक्ष, एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

Their basic Medical Qualification, equivalent to MBBS, should be recognized by the NMC.

**4.11.2.** **नीट-पीजी 2026 में उपस्थित होने के इच्छुक विदेशी नागरिक और जिन्हें गृह मंत्रालय (एमएचए) की आवश्यकताओं के अनुसार सुरक्षा मंजूरी की आवश्यकता होती है, उन्हें नीट-पीजी के लिए आवेदन करने से पहले भारत सरकार के गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करनी होगी। नीट-पीजी के लिए आवेदन करते समय सुरक्षा मंजूरी जमा करना आवश्यक होगा।**

**Foreign Nationals desirous of appearing in NEET-PG 2026 and those, who are required to have security clearance as per the Ministry of Home Affairs (MHA) requirements, shall obtain the security clearance from Ministry of Home Affairs, Govt. of India before applying for NEET-PG. The security clearance shall be required to be submitted while applying for NEET-PG.**

**4.11.3.** एनएमसी, पंजीकरण के लिए निर्धारित शुल्क के भुगतान पर, उस मेडिकल कॉलेज / संस्थान तक सीमित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अवधि के लिए अस्थायी पंजीकरण दे सकता है, जिसमें उसे विशेष रूप से स्नातकोत्तर अध्ययन करने के लिए प्रवेश दिया गया है। बशर्ते कि ऐसे विदेशी नागरिक का अस्थायी पंजीकरण इस शर्त के अधीन होगा कि ऐसा व्यक्ति अपने देश में उचित पंजीकरण प्राधिकारी के साथ विधिवत पंजीकृत है, जहां से उसने अपनी बुनियादी चिकित्सा योग्यता प्राप्त की है, और संबंधित मेडिकल काउंसिल या संबंधित प्राधिकारी द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त है और भारत में स्नातकोत्तर करने की अनुमति देने के लिए उस देश की मेडिकल काउंसिल से अनुमति / अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी प्राप्त किया गया है।

The NMC may, on payment of the prescribed fee for registration, grant temporary registration for the duration of the Post Graduate course limited to the medical college / institution to which he / she is admitted for the time being exclusively for pursuing postgraduate studies. Provided further that temporary registration to such foreign national shall be subject to the condition that such person is duly registered with appropriate registering authority in his own country where from he has obtained his Basic Medical qualification, and is duly recognized by the corresponding Medical Council or concerned authority and Permission / No Objection Certificate (NOC) from the medical council of that country to allow undertaking Post Graduation in India has also been obtained.

**4.12.** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नीट-पीजी 2026 में पात्रता या प्रवेश पत्र जारी करने के लिए एनबीईएमएस के साथ प्रचार न करें। प्रश्न, यदि कोई हो, केवल कम्यूनिकेशन वेब पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। किसी भी रूप में प्रचार करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

Candidates are advised not to canvass with NBEMS for eligibility in NEET-PG 2026 or issuance of admit card. Queries, if any, can be submitted through Communication Web Portal only. Canvassing in any form shall invite rejection of the application.

# 5. नीट-पीजी 2026 परीक्षा की योजना / Scheme of NEET-PG 2026

**5.1.** नीट-पीजी 2026 परीक्षा एक ही दिन में **30-08-2026** को कंप्यूटर आधारित-परीक्षा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा **30-08-2026** को **एक ही शिफ्ट** में आयोजित होगी।

NEET-PG 2026 shall be conducted on **30-08-2026** through computer-based examination in a single day. The exam will be held on **30-08-2026 in a Single Shift.**

**5.2.** **पाठ्यक्रम**: परीक्षा का पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग / तत्कालीन भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा जारी एमबीबीएस पाठ्यचर्या के अनुसार विषयों / ज्ञान के क्षेत्रों पर आधारित होगा।

**Syllabus :** The syllabus for the exam shall comprise of subject / knowledge area as per MBBS Curriculum issued by the National Medical Commission / the erstwhile Medical Council of India.

**5.3.** परीक्षा में **180** बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) होंगे और हर प्रश्न के लिए केवल अंग्रेज़ी भाषा में **4** विकल्प / उत्तर दिए जाएंगे। उम्मीदवारों को हर प्रश्न में दिए गए **4** विकल्पों में से सही / सबसे अच्छा / सबसे उपयुक्त उत्तर चुनना होगा। **परीक्षा के लिए 03 घंटे 30 मिनट मिनट का समय दिया गया है।**

The examination shall comprise of **180** Multiple Choice Questions with each question having **4** response options **/** distractors in English language only. Candidates are required to select the correct **/** best **/** most appropriate response **/** answer out of the **4** response options provided in each question. **Time allotted for the examination is 03 hrs 30 minutes.**

**5.4.** **अंकन योजना:** प्रत्येक एमसीक्यू के लिए अंकों का आवंटन इस प्रकार होगा / **Marking Scheme:** Allocation of marks for each MCQ shall be as follows:

| क्र. सं.<br>S. No. | उत्तर<br>RESPONSE | अंक<br>MARKS |
|---|---|---|
| 1 | **सही उत्तर**<br>Correct Response | 4 अंक / Marks |
| 2 | **गलत उत्तर**<br>Incorrect Response | 1 अंक काटा जाएगा / Mark shall be deducted |
| 3 | **अनुत्तरित प्रश्न**<br>Unattempted Question | शून्य / Zero |

**5.5.** परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को किसी भी प्रश्न को, चाहे प्रयास किया गया हो या नहीं, समीक्षा के लिए चिह्नित करने का विकल्प दिया जाता है, जिसका अर्थ है कि उम्मीदवार को परीक्षा समय समाप्त होने से पहले इन प्रश्नों को फिर से पढ़ने का विकल्प दिया गया है। ***उम्मीदवार ध्यान रखें कि ऐसे प्रश्न जिन्हें समीक्षा के लिए चिह्नित किया गया है,*** उनका मूल्यांकन ऊपर उल्लिखित अंकन योजना के अनुसार किया जाएगा।

During the examination candidates are given an option to mark any question, whether attempted or not, for review which means that candidate has been given an option to go through these questions again before the examination time ends. ***Candidates may note that such questions which are marked for review*** shall be evaluated as per the marking scheme mentioned above.

**5.6.** नीट-पीजी 2026 के प्रश्न पत्र को पाँच समयबद्ध खंडों- में विभाजित किया जाएगा, जिनके नाम ग्रुप A, B, C, D और E हैं। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के विषयों के प्रश्नों को इन पाँच खंडों में वितरित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक खंड में **36** प्रश्न होंगे। प्रत्येक खंड के लिए **42** मिनट का समय आवंटित किया जाएगा। उम्मीदवारों को पिछले खंड का आवंटित समय पूरा होने तक अगले खंड में जाने की अनुमति नहीं होगी, और उस खंड का आवंटित समय समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों को उसके प्रश्नों की समीक्षा करने या उत्तरों में बदलाव करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पिछले खंड का आवंटित समय समाप्त होने के बाद अगले खंड के प्रश्न स्वचालित रूप से शुरू हो जाएंगे।

The question paper for NEET-PG 2026 will be divided into Five time-bound sections, namely Group A, B, C, D & E. The questions from subjects of MBBS curriculum shall be distributed across these Five sections of **36** questions each. Each section will have **42** minutes of time allotted for the section. Candidates would be restricted to proceed to the next section till completion of the allotted time of the previous section and candidates would not be allowed to review the questions/ modify the responses of a section after the completion of the allotted time of that section. Questions of the next section will start automatically after the completion of the allotted time of the previous section.

******समय-सीमित अनुभागों (Time-Restricted Sections) की वास्तविक संख्या प्रश्नपत्र में सम्मिलित प्रश्नों की कुल संख्या तथा ऐसे अनुभागों के संचालन की व्यवहारिक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तित हो सकती है।*
*The actual number of such time-restricted sections may vary based on the total number of questions in the question paper and operational feasibility in making such sections.*

### 5.7. नीट-पीजी 2026 के लिए समय का आवंटन निम्नलिखित प्रकार से होगा / Allocation of time for NEET-PG 2026 shall be as follows :

| गतिविधियां / Activities | समय / Time |
|---|---|
| उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति और परीक्षा के लिए पंजीकरण शुरू होने का समय<br>Allow Candidates to enter the examination centre and Commence Registration for the test | सुबह 07:00 बजे<br>07:00 AM |
| परीक्षा केंद्र पर प्रवेश बंद होने का समय<br>Entry closes at Examination Center | सुबह 08:30 बजे<br>08:30 AM |
| उम्मीदवार लॉगिन के लिए पहुँच प्रदान करने का समय<br>Grant access for Candidate Login | सुबह 08:45 बजे<br>08:45 AM |
| निर्देश पढ़ने के लिए उम्मीदवार लॉग इन करने का समय<br>Candidates log in to read instructions | सुबह 08:50 बजे<br>08:50 AM |
| परीक्षा प्रारंभ समय<br>Exam Start Time | सुबह 09:00 बजे<br>09:00 AM |
| परीक्षा समाप्ति समय<br>Exam End Time | दोपहर 12:30 बजे<br>12:30 PM |

## 5.8. कंप्यूटरआधारित परीक्षा- के मुख्य चरण / Steps for a Computer Based Test

- Submit Online Application Form
- Edit Application in Edit Window, if required
- Rectify Images in Final Edit Window, if asked
- Watch Demo Test (At NBEMS Website)
- Download Admit Card
- Report at Test Centre on Schedule Date &Time
- Security Check-in Process
- Registration for Test + Face ID & Biometric Capture
- Examination Begins
- During Exam FaceID/Biometric Verification
- Examination Ends

# 6. प्रवेश पत्र और परीक्षा दिवस प्रक्रियाएँ / Admit Card & Test Day Procedures

**6.1.** **प्रवेश पत्र:** प्रवेश पत्र **27-08-2026** को एनबीईएमएस की वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर लाइव कर दिए जाएंगे।

**Admit Card:** Admit cards shall be made live on NBEMS website **https://natboard.edu.in** on **27-08-2026**.

**परीक्षा के आयोजन से पहले जो उम्मीदवार अयोग्य पाए जाएंगे, उन्हें प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।** उम्मीदवारों की पात्रता का निर्धारण उनके द्वारा आवेदन पत्र में जमा किए गए डेटा के आधार पर किया जाएगा।

**Admit cards will not be issued to candidates found INELIGIBLE before the conduct of the examination.** Candidates eligibility shall be determined as per data submitted by the candidate in the application form.

**6.2.** उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी होने के संबंध में एक ईमेल अलर्ट के माध्यम से सूचित किया जाएगा। प्रवेश पत्र उम्मीदवारों को डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा। **उम्मीदवारों को अपने क्रेडेंशियल्स के साथ लॉगिन करने के बाद एनबीईएमएस की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ के लिए एडमिट कार्ड की एक प्रति संभाल कर रखें, क्योंकि नीट-पीजी 2026 के परिणाम की घोषणा के बाद यह उपलब्ध नहीं होगा।**

Candidates will be informed through an Email alert regarding the issuance of Admit Card. The Admit card will not be sent to the candidates by Post. **Candidates are required to download their admit card from the NBEMS website after login with their credentials. Candidates are advised to retain a copy of the Admit Card for future reference as this will not be available after the declaration of NEET-PG 2026 result.**

**6.3.** उम्मीदवारों को एनबीईएमएस की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा और परीक्षा केंद्र पर उसका **रंगीन** प्रिंटआउट, साथ ही एसएमसी / एनएमसी (तत्कालीन एमसीआई) पंजीकरण प्रमाण पत्र की **रंगीन** फोटोकॉपी **के साथ** लाना अनिवार्य है।

Candidates are required to download their admit card from the NBEMS website and bring the **COLOURED** printout of the same at exam centre **alongwith COLOURED** photocopy of SMC / NMC (erstwhile MCI) registration certificate.

6.4. **परीक्षा दिवस प्रक्रिया:** एनबीईएमएस जहां भी आवश्यक हो, सामाजिक दूरी के मानदंडों को बनाए रखते हुए सुरक्षित वातावरण में **कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी)** आयोजित करेगा।

**TEST DAY PROCEDURES:** NBEMS shall be conducting the **Computer Based Test (CBT)** in safe and secure environment maintaining social distancing norms wherever needed.

6.5. **प्रवेश पत्र में दी गई समय-सीमा के अनुसार उम्मीदवारों का प्रवेश:** उम्मीदवारों को अपने प्रवेश पत्र में बताए गए समय के अनुसार परीक्षा स्थल के 'रिपोर्टिंग काउंटर' पर रिपोर्ट करना होगा। परीक्षा केंद्र (रिपोर्टिंग काउंटर) का सटीक प्रवेश बिंदु और स्थल का मुख्य द्वार कुछ दूरी पर हो सकता है। परीक्षा केंद्र के प्रवेश बिंदु (रिपोर्टिंग काउंटर) तक पहुंचने में अप्रत्याशित देरी से बचने के लिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय पर पहुंचें और कार्यक्रम स्थल के परिसर में परीक्षा केंद्र में प्रवेश के सटीक बिंदु से पहले ही परिचित हो लें। रिपोर्टिंग काउंटर परीक्षा शुरू होने के समय से 30 मिनट पहले बंद हो जाएगा। **परीक्षा केंद्र के प्रवेश बिंदु (रिपोर्टिंग काउंटर) पर पहुंचने में किसी भी देरी से प्रवेश से इनकार कर दिया जाएगा, भले ही उम्मीदवार स्थल के परिसर में पहुंच गया हो।**

**Entry of Candidates as per Timelines given in the Admit Cards:** Candidates are required to report at the ‘Reporting Counter’ of test venue as per time indicated in their admit cards. The exact entry point to the test centre (Reporting Counter) and the main gate of venue might be at a distance. To avoid unforeseen delay in reaching to the test centre entry point (Reporting Counter), candidates are advised to reach well in time and familiarise themselves with the exact point of the entry to test centre in the premises of the venue well in advance. The reporting counter will close 30 minutes prior to the test start time. **Any delay in arrival to the test centre entry point (Reporting Counter) shall lead to denial of entry even if the candidate might have arrived to the premises of venue.**

6.6. निर्धारित समय से देर से या उससे अधिक समय तक रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में बैठने की **अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी कारण से उम्मीदवार के केंद्र पर पहुंचने में देरी के लिए एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा।**

Candidates reporting late or beyond the prescribed time **shall not be allowed** to appear in the exam under any circumstances. **NBEMS shall not be responsible for any delayed arrival of the candidate in reaching the centre due to any reason.**

**6.7. परीक्षा केंद्र का स्थान:** परीक्षा केंद्रों का सटीक पता और स्थान प्रवेश पत्र में दर्शाया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के दिन से कम से कम एक दिन पहले परीक्षा केंद्र और रिपोर्टिंग काउंटर स्थानों से परिचित हो जाएं और सुनिश्चित करें कि वे परीक्षा के लिए निर्धारित समय के अनुसार ही रिपोर्ट करें। केवल त्वरित संदर्भ के लिए प्रवेश पत्र में गूगल मानचित्र स्थान दर्शाया जाएगा। यह उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी कि वह आगमन में किसी भी देरी से बचने के लिए पहले ही परीक्षा केंद्र के सटीक स्थान की पुष्टि कर ले।

**Test Centre Location:** Exact address and location of the test centres shall be indicated in the admit card. Candidates are advised to familiarise themselves with the test centre and reporting counter locations at least one day prior to the examination day and ensure that they report for the exam as per scheduled time only. Google map location shall be indicated in the admit card for quick reference only. It shall be the responsibility of the candidate to confirm the exact location of the test centre well in advance to avoid any delay in arrival.

**6.8.** *उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित रिपोर्टिंग समय से काफी पहले परीक्षा केंद्र पर पहुँचें और परीक्षा के पूरे दिन के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध रखें। पंजीकरण, प्रमाणीकरण, सत्यापन, सुरक्षा प्रक्रियाओं और अप्रत्याशित परिस्थितियों के प्रबंधन सहित परीक्षा से जुड़ी प्रक्रियाओं में निर्धारित परीक्षा अवधि से अधिक समय लग सकता है। उम्मीदवारों को अपनी यात्रा और अन्य प्रतिबद्धताओं की योजना तदनुसार बनानी चाहिए और परीक्षा के दिन आगे की यात्रा के लिए कोई भी जल्दबाज़ी करने से बचना चाहिए।*

*Candidates are advised to reach the Test Centre well before the prescribed reporting time and keep adequate time available for the entire examination day. Examination-related processes, including registration, authentication, verification, security procedures and management of unforeseen contingencies, may extend beyond the scheduled examination duration. Candidates should plan their travel and other commitments accordingly and avoid making inflexible onward travel arrangements on the day of examination.*

**6.9.** कृपया ध्यान दें कि केवल उन्हीं उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र परिसर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी जिन्हें प्रवेश पत्र जारी किया गया है, बशर्ते कि वे दस्तावेजी आवश्यकताओं को पूरा करते हों।

Please note that only the candidates who have been issued admit card will be allowed entry inside the examination centre premises subject to fulfilment of documentary requirements.

6.10. **उम्मीदवारों के साथ आने वाले दोस्तों या रिश्तेदारों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और परीक्षा प्रक्रिया जारी रहने के दौरान उम्मीदवार से संपर्क करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**Friends or relatives accompanying the candidates will not be allowed entry in the examination centre premises under any circumstances and will not be allowed to contact the candidate while the examination process is ongoing.**

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने माता-पिता या साथ आने वाले लोगों को एंट्री / एक्जिट गेट, सिक्योरिटी चेकपॉइंट या आने-जाने के रास्तों के पास इकट्ठा न होने दें, क्योंकि ऐसी भीड़ से उम्मीदवारों की आवाजाही, सिक्योरिटी प्रक्रियाओं, ट्रैफिक और परीक्षा से जुड़े कामों में रुकावट आ सकती है।**

**Candidates are advised to advise their parents or accompanying persons not to congregate near entry / exit gates, security checkpoints or access routes, as such crowding may obstruct candidate movement, security procedures, traffic flow and examination-related operations.**

6.11. **प्रवेश बिंदुओं पर बारकोड / क्यूआर कोड रीडर:** उम्मीदवार सत्यापन के लिए बारकोड / क्यूआर कोड रीडर के साथ टेबल पर खड़े परीक्षा अधिकारी को प्रवेश पत्र और आईडी प्रूफ दिखाएंगे। उम्मीदवार को निर्धारित लैब नंबर के बारे में सूचित किया जाएगा।

**Barcode / QR Code Reader at Entry Points:** The candidate will display the admit card and ID proof for verification to the exam functionary standing across the table with barcode / QR code reader. Candidate shall be informed about the assigned lab number.

6.12. यह सुनिश्चित करने के लिए कि परीक्षा में कोई अनधिकृत उम्मीदवार उपस्थित न हो, परीक्षा केंद्र पर पहुंचने पर पहचान की जांच की जाएगी।

Identity checks will be made upon arrival at the test centre to ensure that there are no unauthorized candidates appearing for the exam.

6.13. **उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से अपने साथ परीक्षा लैब में निम्नलिखित वस्तुएं ले जानी होंगी / Candidates will be compulsorily required to carry following items with them to the examination lab:**

बारकोड क्यूआर / कोड वाले प्रवेश पत्र की प्रिंटेड **रंगीन** प्रति
Printed **COLOUR** copy of Barcoded / QR Coded Admit card.

**और / and**

स्थायी / अनंतिम एसएमसी / एमसीआई / एनएमसी पंजीकरण* की फोटोकॉपी, परीक्षा केंद्र द्वारा रखी जाएगी
Photocopy of Permanent / Provisional SMC/MCI/NMC registration*, to be retained by the test centre

**और / and**

***अगर*** RPwD एक्ट, 2016 के प्रावधानों के तहत ***स्क्राइब (लिखने में मदद करने वाले) या अतिरिक्त समय*** की मांग की जा रही है, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी यूडीआईडी/विकलांगता प्रमाण-पत्र**^^**।
UDID/Disability Certificate**^^** issued by the Competent Authority, ***if claiming scribe / extra-time*** as per provisions of the RPwD Act, 2016.

**^^उम्मीदवार अनुलग्नक-IV देख सकते हैं / Candidate may refer to the Annexure-IV**

**और / and**

नीचे उल्लिखित सरकार द्वारा जारी फोटो आईडी में से कोई एक ** (**मूल** और **वैध/गैर-समाप्त** होना चाहिए) **/** Any one of the below mentioned Govt issued photo IDs** (must be **original** and **valid / non-expired):**

- पैन कार्ड / PAN Card
- ड्राइविंग लाइसेंस / Driving License
- मतदाता पहचान पत्र / Voter ID
- पासपोर्ट / Passport
- आधार कार्ड (फोटो के साथ) ** / Aadhaar Card (With Photograph) **

कृपया ऊपर उल्लिखित कम से कम एक नहीं बल्कि अधिक से अधिक फोटो पहचान पत्र लाएँ जो आपको जारी किए गए हों और जिनका विवरण आवेदन पत्र में दिया गया हो।
Please bring at least one but as many of the above-mentioned Photo IDs which are issued to you and details of which have been provided in the application form.

****उम्मीदवार जिन्होंने आधार आधारित प्रमाणीकरण के लिए अपनी सहमति दी है और आवेदन पत्र में आधार नंबर प्रदान किया है, उन्हें परीक्षा के दिन आधार लाना होगा।**
****Candidate who have given their consent for Aadhaar based authentication and provided Aadhaar Number in the Application form, must bring the Aadhaar on the exam day.**

**6.14.** यदि कोई उम्मीदवार पहचान के प्रमाण के रूप में ई-आधार कार्ड पर मुद्रित आधार संख्या के साथ परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करता है, तो ई-आधार कार्ड स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाली तस्वीर के साथ अच्छी गुणवत्ता वाला **रंगीन** प्रिंट आउट होना चाहिए। तस्वीर में किंक, खरोंच और दाग नहीं होने चाहिए और यह निश्चित रूप से ई-आधार कार्ड प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवार से मेल खाना चाहिए। इस संबंध में एनबीईएमएस का निर्णय अंतिम होगा।

In case, any candidate reports to the test center with e-Aadhaar Card with Aadhaar number printed on it as proof of identity, the e-Aadhaar Card should be a good quality **COLOUR** print out with clearly visible photograph. The photograph should not have

kinks, scratches and stains, and should definitely match with the candidate presenting the e-Aadhaar Card. Decision of NBEMS in this regard shall be final.

** भारतीय नागरिक/ओसीआई जिन्होंने भारत के बाहर अपनी प्राथमिक चिकित्सा योग्यता प्राप्त की है और फॉरेन मेडिकल स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें एनबीईएमएस लेटरहेड पर जारी अपना मूल एफएमजीई (स्क्रीनिंग टेस्ट) पास प्रमाण पत्र भी लाना चाहिए।*

*******Indian Citizens / OCI who have obtained their Primary Medical Qualification outside India and qualified Foreign Medical Graduate Examination should also bring their original FMGE (Screening Test) Pass certificate issued on NBEMS letterhead.*

*जो विदेशी नागरिक नीट-पीजी में उपस्थित होने के इच्छुक हैं, उन्हें अपने देश में मेडिकल प्रैक्टिशनर होने के प्रमाण के रूप में किसी भी अन्य दस्तावेज (राष्ट्रीयता के देश में मेडिकल काउंसिल के साथ पंजीकरण) के साथ अपना पासपोर्ट (मूल और वैध) परीक्षा केंद्र में लाना होगा।*

*Foreign Nationals who are desirous to appear in NEET-PG are required to bring their passport (original & valid) to the test centre along with any other documents (Registration with Medical Council in their country of nationality) as a proof of they being a medical practitioner in their country.*

***** फोटो पहचान पत्र पर दिया गया नाम प्रवेश पत्र पर दर्शाए गए नाम से मेल खाना चाहिए।** यदि विवाह आदि के कारण नाम बदल गया है, तो उम्मीदवार को नाम में परिवर्तन (विवाह प्रमाणपत्र/तलाक डिक्री/कानूनी नाम परिवर्तन दस्तावेज़/नाम परिवर्तन के लिए राजपत्र अधिसूचना) के दावे को प्रमाणित करने के लिए प्रासंगिक दस्तावेज दिखाना होगा।*

***The name on the photo identification must match with the name as shown on the Admit Card.** If name has changed due to marriage etc, candidate must show the relevant document to substantiate claim for change in name (Marriage Certificate/Divorcee Decree/Legal Name Change Document / Gazette notification for name change).*

### 6.15. आधार-आधारित पहचान सत्यापन (केवल वहीं लागू जहाँ आवेदन फ़ॉर्म में आधार विवरण दिए गए हैं) / Aadhaar Based Identity Verification (Applicable only where Aadhaar details have been provided in the application form)

**6.15.1.** जिन उम्मीदवारों ने ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय पहचान संबंधी सूचना के रूप में आधार विवरण उपलब्ध कराया है, उन्हें परीक्षा केन्द्र पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पहचान सत्यापन हेतु मूल आधार कार्ड / ई-आधार / ई-आधार की स्पष्ट एवं उच्च गुणवत्ता वाली **रंगीन** मुद्रित प्रति / आधार कार्ड की **रंगीन** छायाप्रति साथ लाने की सलाह दी जाती है।

Candidates who have furnished Aadhaar details in the identification information at the time of online application submission are advised to carry original Aadhaar Card **/** e-Aadhaar **/** good quality printed **COLOUR** copy of e-Aadhaar **/** **COLOUR** photocopy of Aadhaar Card, for the purpose of identity verification through Aadhaar authentication at the examination centre.

***6.15.2.*** ***उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा के दिन आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण लॉक या डिसेबल न हो। (अक्षम)***

***Candidates must ensure that Aadhaar biometric authentication is NOT locked / disabled on the examination day.***

**6.15.3.** जिन उम्मीदवारों का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉक है, उन्हें परीक्षा के समय आधार-आधारित ऑथेंटिकेशन में परेशानी हो सकती है। परीक्षा से पहले, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे यूआईडीएआई आधार एनरोलमेंट सेंटर पर जाकर अपना आधार बायोमेट्रिक डेटा (फिंगरप्रिंट / आइरिस) और डेमोग्राफिक जानकारी अपडेट करवा लें। ऐसा करने से परीक्षा के दिन ऑथेंटिकेशन की प्रक्रिया आसानी से पूरी हो सकेगी। अपडेटेड और सही आधार डेटा होने से एंट्री में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

Candidates with locked biometric authentication may face difficulty in Aadhaar-based authentication at the test. Before the exam, it is advisable for candidates to get their Aadhaar biometric data (fingerprint / iris) and demographic details updated at a UIDAI Aadhaar Enrolment Centre. Taking this step will help ensure a smooth authentication process on the day of your exam. Updated, valid Aadhaar data prevents entry issues.

**6.15.4. आधार बायोमेट्रिक्स को अनलॉक करने के लिए गाइडलाइंस (यदि लॉक हो तो):** उम्मीदवार नीचे दिए( गए चरणों का पालन करके आधार प्रमाणीकरण को अस्थायी रूप से अनलॉक कर सकते हैं **/ Guidelines to Unlock Aadhaar Biometrics (if locked):** Candidates may unlock Aadhaar authentication temporarily by following the steps below:

- यूआईडीएआई पोर्टल **https://myaadhaar.uidai.gov.in** पर जाएं
  Visit UIDAI portal **https://myaadhaar.uidai.gov.in**

  **या / or**

  mAadhaar ऐप का उपयोग करें
  use the mAadhaar App

- Lock / Unlock Aadhaar पर क्लिक करें
  Click on Lock / Unlock Aadhaar






- *रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मिला OTP डालें*
  *Enter OTP received on registered mobile number*
- *आधार अनलॉक/डिसेबल, लॉक और कन्फर्म चुनें।*
  *Select Unlock / Disable Aadhaar, Lock and confirm*
- *अगर चाहें, तो उम्मीदवार परीक्षा पूरी होने के बाद आधार ऑथेंटिकेशन को फिर से लॉक कर सकते हैं।*
  *Candidates may re-lock Aadhaar authentication after completion of the examination, if desired.*
- *यूआईडीएआई आधार नंबर रखने वालों को सलाह देता है कि वे आधार नंबर बनने की तारीख से कम से कम हर 10 साल में एक बार अपनी पहचान के प्रमाण (POI) और पते के प्रमाण (POA) से जुड़े दस्तावेज़ या जानकारी को अपडेट करें*
  *UIDAI suggest the Aadhaar number holder to update his or her document or information regarding proof of identity (POI), proof of address (POA) at least once in 10 years from date of generation of Aadhaar number*
- *बेहतर सर्विस देने और आधार-आधारित सही ऑथेंटिकेशन के लिए आप अपने आधार डेटाबेस में मौजूद डॉक्यूमेंट्स को अपडेट कर सकते हैं। इसलिए, पहचान और पते से जुड़े हाल के डॉक्यूमेंट्स को अपडेट करना आधार नंबर होल्डर के हित में है।*
  *You may update the documents in your Aadhaar database for better service delivery and accurate Aadhaar based authentication. Therefore, updating recent identity and address documents is in the interest of the Aadhaar number holder.*

**नोट :**परीक्षा केंद्र पर पहचान सत्यापन के लिए आधार प्रमाणीकरण का उपयोग केवल एक वैकल्पिक सुधारात्मक उपाय के रूप में किया जा रहा है और इसे नीट-पीजी 2026 के लिए उम्मीदवार की पात्रता के प्रमाण के रूप में नहीं माना जाएगा।

**NOTE:** Aadhaar authentication is being utilized only as an optional facilitative measure for identity verification at the examination centre and shall not be treated as proof of eligibility of the candidate for NEET-PG 2026.

**6.16.** ***वैध आईडी प्रूफ की मूल हार्ड कॉपी के बिना*** उम्मीदवारों को ***परीक्षा परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*** सरकार द्वारा जारी आईडी प्रूफ की फोटोकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। डिजीलॉकर में दिखाया गया पहचान पत्र भी स्वीकार्य नहीं होगा, क्योंकि उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र के भीतर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

Candidates ***without original hard copy valid ID proof shall not be allowed to enter the examination premises.*** Photocopies of Govt. issued ID proofs shall not be accepted. Identity proof shown in DigiLocker shall also not be acceptable as candidates shall not be allowed to carry any electronic device inside the exam centre.

**6.17.** गलत या जाली दस्तावेज़ / आईडी प्रूफ पेश करने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ अनुचित साधनों के इस्तेमाल का मामला दर्ज किया जाएगा।

Unfair means case shall be registered against the candidates producing false / forged documents / ID Proofs.

**6.18.** **परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा:** उम्मीदवारों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा परिसर के **सुरक्षा चेक प्वाइंट से आगे** निम्नलिखित वस्तुएं ले जाने की **अनुमति नहीं दी** जाएगी **/** **SECURITY AT THE TEST CENTRE:** Candidates will **not be allowed** to take the following items **beyond security check point** in examination premises under any circumstances:

- कोई भी स्टेशनरी वस्तु जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), नोट्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेज़र, आदि।
  Any stationery item like textual material (printed or written), notes, Plastic Pouch, Calculator, Pen, Writing Pad, Pen Drives, Eraser, etc.
- कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, कलाई घड़ी/स्मार्ट वॉच/हेल्थ बैंड, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर आदि।
  Any electronic device like Mobile Phone, Bluetooth, Earphones, Microphone, Pager, wrist watch / Smart Watches / Health Band, Electronic Pen / Scanner etc.
- सभी आभूषण जैसे कंगन, अंगूठी, झुमके, नाक-पिन, चेन/हार, पेंडेंट, पेंडेंट के साथ हार, बैज, ब्रोच आदि।
  All ornaments like bracelets, Ring, Earrings, Nose-pin, Chain / Necklace, Pendants, Necklace with pendants, Badge, Brooch etc.
- अन्य सामान जैसे वॉलेट, चश्मा, हैंडबैग, बेल्ट, मास्क, दस्ताने, टोपी आदि।
  Other items like Wallet, Goggles, Handbags, Belt, Mask, Gloves, Cap etc.
- कोई भी खाने योग्य वस्तु खुली या पैक की हुई, शीतल पेय, पानी की बोतल आदि।
  Any eatable item opened or packed, soft drinks, water bottle etc.
- कोई अन्य वस्तु जिसका उपयोग अनुचित साधनों के लिए, संचार उपकरणों जैसे वायरलेस/ब्लूटूथ डिवाइस, स्पाई कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सकता है।
  Any other item which could be used for unfair means, for hiding communication devices like wireless / Bluetooth device, spy camera etc.

6.19. **उम्मीदवारों को यह जाँचने के लिए प्रवेश पत्र को ध्यान से पढ़ना चाहिए कि परीक्षा केंद्रों के भीतर किन वस्तुओं को ले जाने की अनुमति है।**

**Candidates should carefully read the admit card to check which items are permitted inside the examination centers.**

6.20. **केंद्रों पर उम्मीदवारों से संबंधित किसी भी वस्तु / सामान को रखने की कोई व्यवस्था नहीं की जाएगी।** यदि किसी उम्मीदवार के पास सुरक्षा जांच बिंदु के बाहर केंद्र के अंदर कोई भी प्रतिबंधित वस्तु पाई जाती है, तो इसे अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उम्मीदवार के विरुद्ध संबंधित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। **किसी भी कठिनाई से बचने के लिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर अपने साथ प्रतिबंधित वस्तुएँ न लाएँ।**

**No arrangement will be made at the centres for keeping any articles / items belonging to the candidates.** In case any candidate is found in possession of any of the barred items inside the centre beyond the security check point, it will be considered as use of unfair means and action will be taken against the candidate in accordance with the relevant provisions. **To avoid any hardship candidates are advised not to bring prohibited items along with them at the test Centre.**

**8.12.** एनबीईएमएस वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर नीट-पीजी 2026 का इंडेक्स पेज एक त्वरित लिंक प्रदान करता है, **"Already Registered? To login"** यूजर आईडी के सफल निर्माण के बाद नीट-पीजी 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र इस त्वरित लिंक के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

The index page of NEET-PG 2026 at NBEMS website **https://natboard.edu.in** provides a quick link, **"Already Registered? To login".** The online application form for NEET-PG 2026 can be accessed through this quick link after successful creation of User ID.

**8.13.** उम्मीदवार अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन कर सकते हैं।
The candidate can login using his / her User ID and Password.

**8.14.** आवेदन जमा करने की प्रक्रिया, आवेदन जमा करने की विंडो के दौरान, उम्मीदवार की पसंद के अनुसार, एक ही बैठक में या कई बैठकों में पूरी की जा सकती है। हालाँकि, एक बार जब कोई आवेदन सफलतापूर्वक पूरा हो जाता है और सबमिट हो जाता है, तो यह केवल "Edit Window" के दौरान कुछ फ़ील्ड को संपादित करने के लिए उपलब्ध होगा।

The application submission process can be completed either in a single sitting or in multiple sittings, as per the candidate's choice, during the application submission window. However, once an application is successfully completed & submitted, it shall be available for editing certain field/s only during the "Edit Window".

**8.15.** **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे जानकारी भरने में किसी भी गलती से बचने के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ॉर्म जल्दबाजी में न भरें और न ही जमा करें। नीट-पीजी 2026 के लिए एनबीईएमएस एप्लीकेशन फ़ॉर्म में उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी को परीक्षा और उसके बाद की काउंसलिंग / एडमिशन प्रक्रिया से जुड़े सभी मामलों के लिए अंतिम माना जाएगा।** काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म / एडमिशन फ़ॉर्म में उम्मीदवारों की जानकारी पहले से भरी हुई (pre-populated) होगी, जो उन्होंने नीट-पीजी 2026 के लिए एनबीईएमएस एप्लीकेशन फ़ॉर्म भरते समय दी थी। उम्मीदवारों के पास एडिट विंडो के दौरान किसी भी जानकारी **(नाम, राष्ट्रीयता, टेस्ट स्टेट की प्राथमिकताएं, मोबाइल नंबर, आधार विवरण, पत्राचार का पता और ईमेल आईडी को छोड़कर)** में सुधार करने का विकल्प होगा। एप्लीकेशन फ़ॉर्म में दी गई किसी भी जानकारी में बदलाव / संशोधन / सुधार के अनुरोध को तुरंत खारिज कर दिया जाएगा।

**Candidates are advised not to complete and submit the online application form in haste so as to avoid any errors in furnishing information. The particulars furnished by the candidate in the NBEMS application form for NEET-PG 2026 shall be treated as final for all purposes relating to the examination and subsequent counseling / admission process.** The details of the candidates will be pre-populated in Counseling

Registration Form/Admission form as provided by them while filling up the NBEMS Application form for NEET-PG 2026. **Candidates shall have the option to make corrections in any information** (**except Name, Nationality, Test State Preferences, Mobile Number, Aadhaar details, Correspondence Address and Email ID) during the edit window.** Request for change / modification / correction in any information furnished in the application form shall be summarily rejected.

**8.16.** **एनबीईएमएस अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में प्रदान की गई किसी भी जानकारी में स्वयंप्रेरणा से (Suo Motu) अथवा अन्य किसी प्रकार से कोई संपादन, संशोधन या परिवर्तन नहीं करता है। परीक्षा में सम्मिलित होना और / या परिणाम घोषित किया जाना अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में प्रदान किए गए विवरणों में बाद में किसी प्रकार का संशोधन कराने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है। आवेदन पत्र में प्रदान की गई समस्त जानकारी की शुद्धता, सत्यता एवं प्रामाणिकता के लिए अभ्यर्थी स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होगा। आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी द्वारा की गई किसी भी त्रुटि के लिए एनबीईएमएस उत्तरदायी नहीं होगा तथा संपादन विंडो (Edit Window) बंद होने के पश्चात् ऐसी त्रुटियों के सुधार की अनुमति प्रदान करने हेतु एनबीईएमएस किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं होगा।**

**NBEMS does not edit / modify / change any information furnished by the candidates in their application forms suo-motu or otherwise. Appearance in the examination and / or declaration of result shall not confer any right upon the candidate to seek subsequent modification of particulars furnished in the application form. Candidates shall be solely responsible for the correctness and authenticity of the information furnished in the application form. NBEMS shall neither be responsible for any error committed by the candidate while filling the application form nor be under any obligation to permit rectification of such errors after closure of the Edit Window.**

**8.17.** आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी द्वारा की गई किसी भी त्रुटि के लिए एनबीईएमएस उत्तरदायी नहीं होगा तथा संपादन विंडो (Edit Window) बंद होने के पश्चात् ऐसी त्रुटियों के सुधार की अनुमति प्रदान करने हेतु एनबीईएमएस किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं होगा। केवल आवेदन स्वीकार कर लिए जाने, प्रवेश पत्र जारी किए जाने, परीक्षा में सम्मिलित होने, परिणाम घोषित किए जाने और / अथवा काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने मात्र से ऐसे अभ्यर्थी को कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा, जिसका आवेदन अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, अपात्र पाया जाए अथवा निर्धारित पात्रता मानदंडों एवं अन्य प्रावधानों के अनुरूप न हो।

NBEMS shall neither be responsible for any error committed by the candidate while filling the application form nor be under any obligation to permit rectification of such errors after

closure of the Edit Window. Mere acceptance of application, issuance of admit card, appearance in examination, declaration of result and/or participation in counseling shall not confer any right upon the candidate whose application is found to be incomplete, incorrect, ineligible or otherwise not in accordance with the prescribed criteria.

**8.18.** उम्मीदवार को आवेदन पत्र में विभिन्न शीर्षकों के अंतर्गत अपेक्षित जानकारी प्रदान करनी होगी। यह दृढ़तापूर्वक अनुशंसा की जाती है कि आवेदन पत्र भरना प्रारम्भ करने से पूर्व आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज अपने पास तैयार रखें। आवेदन पत्र में मांगी गई जानकारी के चरणबद्ध विवरण हेतु कृपया नीट-पीजी 2026 के इंडेक्स पृष्ठ पर उपलब्ध उपयोगकर्ता पुस्तिका (User Manual) का अवलोकन करें।

The candidate shall be required to provide information as asked under various heads. It is strongly recommended to keep the required information handy before start filing the application. Please read the User Manual available at the index page of NEET-PG 2026 for step wise details asked in the application form.

**8.19.** **निर्धारित इमेज (फ़ोटो, स्कैन किए गए हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान) अपलोड करना:** फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान अपलोड करने की विशिष्टताओं के विवरण के लिए कृपया एनबीईएमएस की वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर और इस सूचना बुलेटिन के अंत में दिए गए 'छवि अपलोड निर्देश' (Image Upload Instructions) देखें। जो छवियां निर्धारित विशिष्टताओं के अनुसार नहीं होंगी, उन पर विचार नहीं किया जाएगा और इससे आवेदन खारिज हो सकता है। कृपया यह सुनिश्चित करें (रिजेक्ट) कि अपलोड किया गया**फोटोग्राफ बिल्कुल हाल का हो** और किसी भी स्थिति में **आवेदन जमा करने की तारीख से तीन (03) महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।** ऐसा फोटोग्राफ अपलोड करना जो हाल का (Recent) न हो अथवा इस सूचना पुस्तिका में वर्णित निर्धारित **छवि अपलोड दिशानिर्देशों** के अनुरूप न हो, और / अथवा अंतिम संपादन विंडो (Final Edit Window) के दौरान ऐसी त्रुटि का सुधार करने में विफल रहने पर आवेदन पत्र अस्वीकार किया जा सकता है।

**Upload of Prescribed Images (Photograph, Scanned Signatures and Thumb Impression):** Please refer Image Upload Instructions available at NBEMS website **https://natboard.edu.in** and at the end of this information bulletin for details of specifications for uploading photograph, signatures and thumb impression. Images which are not as per prescribed specification shall not be considered and may lead to rejection of the application. Please ensure that uploaded photograph is a **RECENT photograph and** in any case **should have not been taken more than Three (03) months before the date of application submission.** Uploading a photograph which is not a recent one or which is not as per prescribed **image upload guidelines** as detailed in this information

bulletin and / or failure to rectify the same in the final edit window shall invite rejection of the application.

**8.20.** नीट-पीजी 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से तीन (03) पसंदीदा परीक्षा राज्यों का चयन करना होगा। पहली पसंद का परीक्षा राज्य **अनिवार्य रूप से** वही राज्य होना चाहिए, जो उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए पत्राचार के पते का राज्य है। शेष दो पसंदीदा परीक्षा राज्यों का चयन उम्मीदवार द्वारा चिन्हित क्षेत्रों के अनुसार राज्यों की सूची से किया जा सकता है।

Candidates shall be required to select Three (03) preferred Test States while filling the online application form for NEET-PG 2026. The First Preferred Test State shall **mandatorily** be the State of the Correspondence Address furnished by the candidate in the application form. The remaining two preferred Test States may be selected by the candidate from the list of states as per identified zones.

**8.21.** परीक्षा शहर / परीक्षा केंद्र का आवंटन एनबीईएमएस द्वारा प्रशासनिक व्यवहार्यता, परीक्षा बुनियादी ढांचे की उपलब्धता और परिचालन संबंधी विचारों के आधार पर किया जाएगा। हालांकि उम्मीदवार द्वारा चुने गए पसंदीदा परीक्षा राज्यों में से ही किसी एक में परीक्षा शहर आवंटित करने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन उम्मीदवार द्वारा किसी विशेष परीक्षा राज्य, परीक्षा शहर या परीक्षा केंद्र में आवंटन के लिए कोई दावा या अधिकार नहीं जताया जा सकता है। आवंटित परीक्षा शहर के भीतर परीक्षा केंद्र स्थल / का आवंटन एनबीईएमएस द्वारा ही किया जाएगा।

The allotment of Test City / Test Centre shall be done by NBEMS based on administrative feasibility, availability of examination infrastructure and operational considerations. While efforts shall be made to allot a Test City within one of the preferred Test States opted by the candidate, no claim or right can be made by the candidate for allotment in a particular Test State, Test City or Test Centre. The allotment of Test Centre / venue within the allotted Test City shall be done by NBEMS.

**8.22.** पसंदीदा परीक्षा राज्यों के चयन के बाद, उम्मीदवार को आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे और निर्धारित परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। नीट-पीजी 2026 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध पेमेंट गेटवे के अलावा किसी अन्य माध्यम से शुल्क का भुगतान नहीं किया जा सकता है।

After selection of preferred test states, the candidate shall be required to upload the required documents & to pay the prescribed examination fee online. The fee can not be paid through any mode other than the payment gateway available in online application form of NEET-PG 2026.

**8.23.** कृपया सुनिश्चित करें कि परीक्षा शुल्क के लिए किया गया भुगतान सफल है और इसकी पुष्टि आवेदन पत्र में भुगतान स्थिति के अंतर्गत देखी जा सकती है जो **"S"** (सफल के लिए) के रूप में दिखाई देती है। यदि स्थिति लंबित दिखाई देती है, तो भुगतान आपके बैंक के पास अटका हुआ हो सकता है और बाद की तारीख में साफ़ किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की प्रक्रिया तब तक पूरी नहीं होती है जब तक कि आवेदन पत्र में भुगतान की स्थिति **"S"** के रूप में दिखाई न दे। **आपके बैंक द्वारा एनबीईएमएस को भुगतान के निपटान में देरी के कारण आपके आवेदन को अस्वीकार करने के लिए एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा।**

Kindly ensure that the payment made for examination fee is successful and confirmation of the same can be seen in the application form under payment status reflected as **"S"** (for successful). In case the status is shown as pending, the payment might be stuck with your bank and might be cleared at a later date. The application submission process in not completed till such time the status of payment is reflected as **"S"** in application form. **NBEMS shall not be responsible for rejection of your application due to delay in settlement of the payment by your bank to NBEMS.**

**8.24.** आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु पुनः भुगतान करना है अथवा नहीं, इसका निर्णय उम्मीदवार के विवेक पर निर्भर करेगा। यदि किसी एक ही आवेदन क्रमांक (Application Sequence Number) के संबंध में परीक्षा शुल्क का एक से अधिक बार भुगतान प्राप्त होता है, तो आवेदन अवधि समाप्त होने के पश्चात् एनबीईएमएस निर्धारित परीक्षा शुल्क को सुरक्षित रखते हुए प्राप्त अतिरिक्त शुल्क वापस कर देगा। यद्यपि एनबीईएमएस अतिरिक्त शुल्क की वापसी यथाशीघ्र करने का प्रयास करता है, तथापि अप्रत्याशित परिस्थितियों में धनवापसी (Refund) की प्रक्रिया में लगभग दो से तीन माह का समय लग सकता है।

It is at the discretion of the applicant to make another payment for completing the application submission process. In an event of receipt of duplicate / multiple examination fees towards the same application sequence number, NBEMS shall refund the excess fees received for an application retaining the prescribed examination fee, after closure of application window. NBEMS attempts to make the refund at the earliest; however, the refund process may take about two to three months in unforeseen circumstances.

उम्मीदवारों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें तथा परीक्षा शुल्क के भुगतान सहित संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया समय रहते पूर्ण कर लें। आवेदन पत्र का शीघ्र प्रस्तुतिकरण भुगतान संबंधी समस्याओं, जैसे असफल लेन-देन (Failed Transactions), भुगतान के मिलान (Payment Reconciliation) में विलंब, भुगतान निपटान (Settlement) की लंबित स्थिति अथवा बैंक/पेमेंट गेटवे द्वारा असफल लेन-देन की धनवापसी में विलंब आदि के समाधान हेतु पर्याप्त समय उपलब्ध

करा सकता है। इससे आवश्यकता पड़ने पर उम्मीदवार निर्धारित आवेदन अवधि के भीतर पुनः भुगतान करने में सक्षम हो सकेगा।

Candidates are **strongly** advised not to wait till the last date for submission of the application form and to complete the application process, including payment of examination fee, well in advance. Early submission of the application form may provide sufficient time for resolution of payment-related issues such as unsuccessful transactions, pending payment reconciliation, delayed settlement status or refund of failed transactions by the bank/payment gateway, thereby enabling the candidate to make fresh payment, **if required**, within the prescribed application submission window.

**8.25.** उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने से पहले पूरे आवेदन का पूर्वावलोकन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि यदि आवश्यक हो, तो कोई भी सुधार किया जा सके। उम्मीदवारों को "घोषणा" से सहमत होने के बाद आवेदन जमा करना आवश्यक होगा। इसके साथ ही आवेदन जमा करने की पूरी प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।

Candidates shall be prompted to preview the entire application before submission in order to make any corrections, if so required. They shall be required to submit the application after agreeing to the “declaration”. This shall complete the entire process of application submission.

**8.26.** **आवेदन जमा होने की पावती:** उम्मीदवार द्वारा आवेदन जमा करने की पुष्टि के लिए रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर एक कन्फर्मेशन ईमेल भेजा जाएगा। आवेदन जमा करने की प्रक्रिया परीक्षा शुल्क का सफल भुगतान होने के बाद ही पूरी मानी जाएगी। उम्मीदवार को **आवेदन फ़ॉर्म की PDF** में भुगतान की स्थिति की जाँच करनी चाहिए, जहाँ 'S' का मतलब "सफल" (Successful) और 'F' का मतलब "असफल" (Failed) होगा।**उम्मीदवारों को भविष्य के संदर्भ के लिए सफलतापूर्वक जमा किए गए आवेदन पत्र की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है (कॉपी), क्योंकि नीट-पीजी 2026 के परिणाम की घोषणा के बाद यह उपलब्ध नहीं होगा।**

**Acknowledgement of Application Submission:** An acknowledgement email shall be sent to the registered email ID confirming submission of an application by the candidate. Submission of application shall be completed only after successful payment of examination fee. Candidate should confirm the status of payment in the **application form PDF** where 'S' would stand for “Successful” and “F” would stand for “Failed”. **Candidates are advised to retain a copy of the successfully submitted application form for future reference as this will not be available after the declaration of NEET-PG 2026 result.**

**8.27.** उम्मीदवारों को **दृढ़ता से** सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा शुल्क के भुगतान सहित ऑनलाइन आवेदन पत्र को **अंतिम तिथि से काफी समय पहले** पूरा और जमा कर लें और ***आवेदन जमा करने की विंडो के अंतिम दिन या अंतिम घंटों तक प्रतीक्षा न करें।*** आवेदन पत्र का शीघ्र प्रस्तुतिकरण भुगतान संबंधी समस्याओं (यदि कोई हों), जैसे असफल लेन-देन (Failed Transactions), भुगतान के मिलान (Payment Reconciliation) में विलंब, भुगतान निपटान (Settlement) की लंबित स्थिति अथवा बैंक/पेमेंट गेटवे द्वारा असफल लेन-देन की धनवापसी में विलंब आदि के समाधान हेतु पर्याप्त समय उपलब्ध करा सकता है। इससे आवश्यकता पड़ने पर अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन प्रस्तुत करने की अवधि के भीतर पुनः भुगतान करने में सक्षम हो सकेगा।

Candidates are **strongly** advised to complete and submit the online application form, including payment of examination fee, **well before the last date** and ***not to wait till the closing day / closing hours of the application submission window.*** Early submission of the application form may provide sufficient time for resolution of payment-related issues (if any) such as unsuccessful transactions, pending payment reconciliation, delayed settlement status or refund of failed transactions by the bank / payment gateway, thereby enabling the candidate to make fresh payment, if required, within the prescribed application submission window.

***आवेदन जमा करने के अंतिम दिनों या अंतिम घंटों के दौरान*** उम्मीदवारों को होने वाली किसी भी तकनीकी समस्या जैसे कि वेबसाइट पर अत्यधिक ट्रैफिक, भुगतान की विफलता, भुगतान के निपटान / मिलान में देरी, सर्वर से संबंधित समस्याओं या किसी अन्य कठिनाइयों के लिए **एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा।** आवेदन पत्र भरते समय उम्मीदवार स्थिर इंटरनेट कनेक्टिविटी और अनुकूल डिवाइस / ब्राउज़र की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उम्मीदवार की ओर से हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, ब्राउज़र अनुकूलता या बिजली से संबंधित समस्याओं के कारण आवेदन में व्यवधान, अधूरे आवेदन या आवेदन जमा न हो पाने के लिए एनबीईएमएस जिम्मेदार नहीं होगा। **उम्मीदवारों को आगे यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन पत्र कार्य दिवसों के दौरान और निर्धारित समय के भीतर जमा करें ताकि यदि कोई विसंगति या त्रुटि ध्यान में आए, तो उसका समय पर समाधान किया जा सके। किसी भी कारण से आवेदन पत्र जमा करने में होने वाली देरी के लिए पूरी तरह से उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होगा और समय बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**NBEMS shall not be responsible** for any technical issues such as website congestion, payment failure, delayed payment settlement / reconciliation, server-related problems or any other difficulties faced by candidates ***during the last days / closing hours of submission.*** Candidates shall ensure availability of stable internet connectivity and use

of compatible device / browser while filling the application form. NBEMS shall not be responsible for interruption, incomplete submission or non-submission of application caused due to candidate-side hardware, software, internet connectivity, browser compatibility or power-related issues. **Candidates are further advised to submit their application forms during working days and within the stipulated time so that any discrepancy or error, if noticed, may be resolved in a timely manner. Delay in submission of the application form due to any reason whatsoever shall be solely the responsibility of the candidate and no request for extension of time shall be entertained.**

8.28. **एडिट विंडो:** जिन उम्मीदवारों ने आवेदन जमा करने की अवधि के दौरान अपने आवेदन के लिए सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है, केवल उन्हें ही **25-07-2026 से 28-07-2026** के दौरान अपने आवेदनों को एडिट करने की अनुमति होगी। ***एडिट विंडो के दौरान कोई नया आवेदन पंजीकृत नहीं किया जा सकता है और न ही नया भुगतान किया जा सकता है।*** हालांकि, उम्मीदवार की श्रेणी और / या PwBD की स्थिति में बदलाव के मामले में यदि कोई शेष शुल्क आवश्यक हो, तो उसका भुगतान एडिट विंडो के दौरान किया जा सकता है।

**Edit Window:** Candidates who have successfully submitted their payment for the application during Application Submission window shall only be allowed to edit their applications during **25-07-2026 to 28-07-2026**. **No new application can be registered or payment can be made during edit window.** However, the balance fee required, if any, in case of change in candidate category and / or PwBD status can be paid during the edit window.

8.28.1.1. **एडिट विंडो के दौरान नाम, परीक्षा राज्य की प्राथमिकता, राष्ट्रीयता, आधार, पत्राचार का पता**, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को छोड़कर किसी भी अन्य जानकारी दस्तावेज को बदला या सुधारा जा सकता है।**

**Any information / document can be changed / corrected during the edit window except for Name, Test State Preference, Nationality, Aadhaar, Correspondence Address**, Mobile Number and Email ID.**

****नोट**एडिट विंडो के दौरान पत्राचार के पते में बदलाव नहीं किया जा सकेगा :, क्योंकि उम्मीदवार द्वारा चुने जाने वाले तीन पसंदीदा परीक्षा राज्यों में से एक राज्य का वही होना अनिवार्य है जो आवेदन पत्र में भरा गया पत्राचार का पता है।

**NOTE:** Correspondence Address shall not be editable during the Edit Window as one of the three preferred Test States to be selected by the candidate is required to be the State of the Correspondence Address furnished in the application form.

**8.28.1.2.** संपादन विंडो (Edit Window) बंद होने तक अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार किसी भी जानकारी में कितनी भी बार संशोधन कर सकता है। तथापि, संपादन विंडो बंद होने से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा अंतिम बार सफलतापूर्वक प्रस्तुत की गई जानकारी / विवरण को अंतिम माना जाएगा तथा वही एनबीईएमएस के अभिलेखों में सुरक्षित रखा जाएगा।

Information can be edited any number of times before the closure of the window. The last successfully submitted information/details by the candidate before closure of the Edit Window shall be treated as final and shall be saved in the records of NBEMS.

**8.28.1.3.** यदि कोई उम्मीदवार एडिट विंडो का उपयोग नहीं करता है या उस तक पहुँच नहीं बनाता है, तो आवेदन पत्र की प्रारंभिक प्रस्तुति के समय उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी विवरण/ को ही अंतिम माना जाएगा।

In case a candidate does not access / utilize the Edit Window, the information / details furnished by the candidate at the time of initial submission of the application form shall be treated as final.

**8.28.1.4.** यदि संपादन विंडो (Edit Window) के दौरान श्रेणी (Category) और / अथवा दिव्यांगजन श्रेणी (PwBD Status) में किए गए परिवर्तन के परिणामस्वरूप उच्चतर परीक्षा शुल्क लागू होता है, तो संशोधित श्रेणी/दिव्यांगजन स्थिति के अनुसार देय अतिरिक्त शुल्क का भुगतान संपादित आवेदन पत्र के अंतिम प्रस्तुतिकरण से पूर्व करना उम्मीदवार की पूर्ण जिम्मेदारी होगी। लागू अतिरिक्त शुल्क का भुगतान न किए जाने की स्थिति में संपादित आवेदन अपूर्ण माना जाएगा तथा अभ्यर्थिता का प्रसंस्करण (Processing of Candidature) उसी शुल्क / स्थिति के आधार पर किया जाएगा, जिसके लिए सफलतापूर्वक आवेदन प्रस्तुत किया गया है और शुल्क का भुगतान किया गया है। हालांकि, यदि श्रेणी और / अथवा दिव्यांगजन स्थिति में परिवर्तन के परिणामस्वरूप कम परीक्षा शुल्क लागू होता है, तो पहले से जमा किए गए शुल्क की किसी भी प्रकार की वापसी (Refund) अथवा समायोजन (Adjustment) किसी भी परिस्थिति में अनुमन्य नहीं होगा। आवेदन पत्र में चयनित श्रेणी / दिव्यांगजन स्थिति तथा उसके आधार पर लागू परीक्षा शुल्क की शुद्धता के लिए अभ्यर्थी स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र में अपनी श्रेणी/दिव्यांगजन स्थिति का चयन करते समय पूर्ण सावधानी एवं समुचित सतर्कता बरतें।

In case of change in category and ***/*** or PwBD status during the Edit Window resulting in applicability of a higher examination fee, the candidate shall be

solely responsible for payment of the balance fee applicable for the revised category **/** PwBD status before final submission of the edited application form. Failure to pay the applicable balance fee shall render the edited application incomplete and the candidature shall be processed as per the fee **/** status successfully submitted and paid for. However, if the change in category and **/** or PwBD status results in a lower examination fee, no refund or adjustment of the fee already paid shall be permissible under any circumstances. The candidate shall be solely responsible for the correctness of the category **/** PwBD status selected and the consequential fee applicable thereto. Candidates are therefore advised to exercise due diligence and utmost care while selecting their category/PwBD status in the application form.

**8.29.** **एडिट विंडो समाप्त होने के बाद, आवेदन पत्र में दी गई किसी भी जानकारी में सुधार या संपादन की अनुमति नहीं होगी।** ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के दौरान उम्मीदवार द्वारा दी गई गलत जानकारी के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी जिम्मेदारी या दायित्व को एनबीईएमएस अस्वीकार करता है।

**No editing in information provided shall be permissible in the application form, once edit window is over.** NBEMS disclaims any liability that may arise due to incorrect information provided by the candidate during online application form submission.

**8.30.** एडिट विंडो बंद होने के बाद, आवेदन पत्र में अपलोड की गई छवियों से संबंधित यदि कोई कमी पाई जाती है, तो उसके बारे में संबंधित उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा।

Subsequent to closure of edit window, deficiency, if any related to images uploaded, in the application form shall be communicated to concerned candidates.

**8.31.** **सिलेक्टिव एडिट विंडो :** संपादन विंडो (Edit Window) बंद होने के पश्चात् उम्मीदवारों द्वारा अपलोड की गई छवियों (फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान) की जांच एनबीईएमएस द्वारा इमेज स्क्रूटिनी पोर्टल (Image Scrutiny Portal) के माध्यम से की जाएगी। **जिन अभ्यर्थियों की अपलोड की गई छवियां निर्धारित छवि अपलोड दिशानिर्देशों (Image Upload Guidelines) के अनुरूप नहीं पाई जाएंगी** अथवा उनमें कोई कमी पाई जाएगी, उन्हें दिनांक **31-07-2026 से 10-08-2026** के दौरान ई-मेल और/अथवा अभ्यर्थी लॉगिन डैशबोर्ड के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

**Selective Edit Window:** Subsequent to closure of the Edit Window, uploaded images (photograph, signature and thumb impression) of the candidates shall be scrutinized by

NBEMS through the Image Scrutiny Portal. Candidates **whose uploaded images are found deficient/non-compliant with the prescribed Image Upload Guidelines shall be informed** through email and **/** or applicant login dashboard during **31-07-2026 to 10-08-2026.**

**8.31.1.** ऐसे उम्मीदवारों को सिलेक्टिव एडिट विंडो के दौरान अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके एनबीईएमएस की वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर आवेदन पत्र में लॉगिन करके, "IMAGE SCRUTINY" टैब पर जाकर और निर्धारित 'इमेज अपलोड निर्देशों' के अनुसार सही छवियां अपलोड करके त्रुटिपूर्ण छवियों को सुधारना आवश्यक होगा।

Such candidates shall be required to rectify the deficient images during the Selective Edit Window by logging into the application form on NBEMS website **https://natboard.edu.in** using their credentials, accessing the "IMAGE SCRUTINY" tab and uploading compliant images as per the prescribed Image Upload Instructions.

**8.31.2.** **चयनित संपादन विंडो (Selective Edit Window) के दौरान उम्मीदवारों द्वारा पुनः अपलोड की गई छवियों की जांच भी एनबीईएमएस द्वारा पुनः की जा सकती है। यदि ऐसी छवियां पुनः जांच के दौरान निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं पाई जाती हैं अथवा उनमें कोई कमी पाई जाती है, तो उन्हें पुनः अस्वीकार किया जा सकता है तथा** अभ्यर्थी को निर्धारित चयनित संपादन विंडो अवधि के भीतर पुनः अपलोड करने हेतु ई-मेल और / अथवा अभ्यर्थी लॉगिन डैशबोर्ड के "IMAGE SCRUTINY" टैब के माध्यम से सूचित किया जाएगा। **जांच, अस्वीकृति एवं पुनः अपलोड की यह प्रक्रिया अधिसूचित चयनित संपादन विंडो अवधि के दौरान आवश्यकता अनुसार एक से अधिक बार दोहराई जा सकती है।**

**Images uploaded by the candidates during the Selective Edit Window may again be scrutinized by NBEMS** and, **if found deficient/non-compliant, the same may again be rejected and** communicated to the candidate through email and **/** or applicant login dashboard ("IMAGE SCRUTINY" tab) for re-upload within the prescribed Selective Edit Window period. **This process of scrutiny, rejection and re-upload may continue multiple times during the notified Selective Edit Window period.**

**8.31.3.** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चयनित संपादन विंडो (Selective Edit Window) की अवधि के दौरान अपलोड की गई छवियों में पाई गई कमियों के संबंध में किसी भी सूचना हेतु अपने पंजीकृत ई-मेल पते, जिसमें स्पैम / जंक (Spam/Junk) फ़ोल्डर भी शामिल हैं, तथा अभ्यर्थी

लॉगिन डैशबोर्ड को नियमित रूप से देखते रहें। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अभ्यर्थी लॉगिन डैशबोर्ड पर उपलब्ध “IMAGE SCRUTINY” टैब में अपलोड की गई छवियों की स्थिति (Status) का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

Candidates are advised to regularly monitor their registered email ID, including Spam/Junk folders, and applicant login dashboard during the Selective Edit Window period for communication regarding deficiency in uploaded images. Candidates are further advised to regularly monitor the status of uploaded images on the applicant login dashboard (“IMAGE SCRUTINY” tab).

**8.31.4.** अपलोड की गई हर इमेज का स्टेटस डैशबोर्ड पर अलग-अलग “Accepted” (स्वीकार किया गया) या “Rejected” (अस्वीकार किया गया) के तौर पर दिखेगा। उम्मीदवारों को सिर्फ़ उन्हीं इमेज को दोबारा अपलोड करना होगा जो “Rejected” के तौर पर दिख रही हैं। डैशबोर्ड पर “Accepted” के तौर पर दिख रही इमेज के लिए उम्मीदवार को आगे कोई कार्रवाई करने की ज़रूरत नहीं होगी।

The status of each uploaded image shall be reflected individually as “Accepted” or “Rejected” on the dashboard. Candidates shall be required to re-upload only those images which are reflected as “Rejected”. No further action shall be required from the candidate for images reflected as “Accepted” on the dashboard.

**8.31.5.** **उम्मीदवार आगे यह भी ध्यान दें कि** सिलेक्टिव एडिट विंडो के दौरान दोबारा अपलोड की गई छवियों की एनबीईएमएस द्वारा फिर से जांच की जाएगी। यदि ये छवियां निर्धारित 'इमेज अपलोड दिशानिर्देशों' के अनुरूप नहीं या त्रुटिपूर्ण पाई जाती हैं, तो **उन्हें फिर से खारिज किया जा सकता है** और अधिसूचित **सिलेक्टिव एडिट विंडो की अवधि के भीतर ही दोबारा अपलोड करना आवश्यक हो सकता है।**

**Candidates may further note that** images re-uploaded during the Selective Edit Window shall again be subject to scrutiny by NBEMS and, if found deficient / non-compliant with the prescribed Image Upload Guidelines, **may again be rejected** and **required to be re-uploaded within the notified Selective Edit Window period.**

**8.31.6.** एनबीईएमएस की ओर से एप्लीकेशन प्रोसेस के दौरान और तब तक, जब तक कि अपलोड की गई सभी इमेज एप्लीकेशन लॉगिन डैशबोर्ड (“IMAGE SCRUTINY” टैब) पर “Accepted” के तौर पर न दिखने लगें, भेजे जाने वाले सभी कम्युनिकेशन/अपडेट्स के लिए कैंडिडेट्स खुद ही

अपनी रजिस्टर्ड ईमेल ID (जिसमें स्पैम / जंक फोल्डर भी शामिल हैं) और एप्लीकेशन लॉगिन डैशबोर्ड को रेगुलर तौर पर चेक करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

Candidates shall remain solely responsible for regularly monitoring their registered email ID, including Spam / Junk folders, and applicant login dashboard for all communications/updates issued by NBEMS during the application process and till all uploaded images are reflected as "Accepted" on the applicant login dashboard ("IMAGE SCRUTINY" tab).

**8.31.7.** एनबीईएमएस द्वारा कमियों की सूचना देना केवल एक सहायक उपाय होगा। किसी कमी, विसंगति या दोष की सूचना न दिए जाने पर उम्मीदवार को कोई अधिकार, न्यायसंगत हित या निहित दावा प्राप्त नहीं होगा।

Communication of deficiency by NBEMS shall be merely a facilitative measure. Non-communication of any deficiency, discrepancy or defect shall not confer any right, equity or vested claim upon the candidate.

**8.31.8.** धुंधली (Blurred), अपठनीय (Illegible), विकृत (Distorted), अनुचित रूप से अपलोड की गई, निर्धारित निर्देशों के अनुरूप न होने वाली अथवा पहचान / सत्यापन के उद्देश्य से अन्यथा अनुपयुक्त पाई जाने वाली किसी भी छवि को अस्वीकार करने का अधिकार एनबीईएमएस सुरक्षित रखता है। **अपलोड की गई छवियों की स्वीकार्यता / उपयुक्तता के संबंध में एनबीईएमएस का निर्णय अंतिम होगा तथा सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।**

NBEMS reserves its right to reject any uploaded image which is blurred, illegible, distorted, improperly uploaded, non-compliant with the prescribed instructions or otherwise considered unsuitable for identification/verification purposes. **The decision of NBEMS regarding acceptability/suitability of uploaded images shall be final and binding.**

**8.31.9.** **निर्धारित अवधि के भीतर दोषपूर्ण/अनुरूप न होने वाली छवियों को ठीक न करने पर आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। चयनात्मक संपादन विंडो बंद होने के बाद सुधार का कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।**

**Failure to rectify deficient / non-compliant images within the prescribed period shall result in rejection of the application. No further opportunity for correction shall be granted after closure of the Selective Edit Window.**

**8.32.** **एनबीईएमएस किसी भी हालत में, ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ॉर्म भरते समय उम्मीदवारों द्वारा दी गई जानकारी में कोई बदलाव या सुधार नहीं करता है। कैटेगरी, जन्म तिथि, PwBD स्टेटस वगैरह में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर एनबीईएमएस विचार नहीं करेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एप्लीकेशन फ़ॉर्म में जानकारी सावधानी से भरें। नीट-पीजी 2026 के लिए आवेदन करते समय उम्मीदवारों द्वारा भरी गई कैटेगरी / PwBD स्टेटस को काउंसलिंग के समय भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) द्वारा बदला नहीं जाएगा।** काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म में उम्मीदवारों की जानकारी पहले से भरी होगी, जो उन्होंने नीट-पीजी 2026 के लिए एनबीईएमएस एप्लीकेशन फ़ॉर्म भरते समय दी थी। **इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर एमसीसी विचार नहीं करेगा।**

**NBEMS does not edit / modify / alter any information entered by the candidates at the time of online submission of application form under any circumstances. Requests for any changes to Category, Date of Birth, PwBD Status, etc., will not be considered by NBEMS. Candidates are advised to carefully enter the information in the application form. The Category / PwBD status filled by the candidates while applying for NEET-PG 2026 will not be changed by Medical Counseling Committee (MCC) of DGHS, Govt of India at the time of counseling.** The details of the candidates will be pre-populated in Counseling Registration Form as provided by them while filling up the NBEMS Application form for NEET-PG 2026. **Any representation in this regard will not be entertained by MCC.**

**8.33.** जो उम्मीदवार ज़रूरी दस्तावेज़ों के साथ पूरी तरह से भरे हुए आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं, या सुधार के लिए तय आखिरी तारीख तक अपने आवेदनों में कमियों को ठीक नहीं कर पाते हैं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। **अयोग्य घोषित किए गए उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा।** ऐसे मामलों में, पूरी फ़ीस ज़ब्त कर ली जाएगी।

Candidates who fail to submit duly completed applications with requisite documents and / or fail to rectify the deficiencies in their applications by the last date prescribed for rectification shall be declared ineligible. **Admit Card shall not be issued to candidates who are declared ineligible.** In such cases, the entire fees will be forfeited.

**8.34.** उम्मीदवारों का नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, राष्ट्रीयता आदि से संबंधित विवरण काउंसलिंग प्राधिकरणों द्वारा आयोजित काउंसलिंग हेतु पंजीकरण प्रपत्र में प्रदर्शित किए जाएंगे। **अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि काउंसलिंग / प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपने विवरणों में परिवर्तन न**

**करें, ताकि काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु पंजीकरण के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।**

The details of candidates w.r.t. Name, Mobile Number, Email ID, Nationality etc. will be populated in the Registration Form of Counseling to be conducted by counseling authorities. **Hence, candidates are advised not to change their details till the completion of counseling / admission process to avoid problem in Registration for counseling / admission process.**

## ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने के चरणों का संक्षिप्त विवरण

## SUMMARY OF STEPS IN ONLINE APPLICATION FORM SUBMISSION

8.35. **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय निम्नलिखित क्रम का पालन किया जाना चाहिए / The following sequence shall be observed while filing the online application form:**

- यूजर आईडी / आवेदन क्रम संख्या और पासवर्ड जेनरेट करने के लिए यूजर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें।
  Fill the user registration form to generate User ID / Application sequence number and Password.

- यूज़र आईडी और पासवर्ड एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भेजा जाएगा।
  User ID and Password will be sent through SMS and Email.

- आवेदन पत्र को पूरा करें और अपनी तस्वीर, स्कैन किए गए हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान और निर्धारित दस्तावेज अपलोड करें।
  Complete the application form and upload your Photograph, Scanned signature, Thumb impression & Prescribed documents.

- अपनी "टेस्ट स्टेट" प्राथमिकताएँ चुनें और परीक्षा शुल्क का भुगतान करें।
  Choose your "Test State" preferences and pay Examination Fee

- घोषणा (Declaration) से सहमत हों और आवेदन जमा (Submit) करें।
  Agree to the declaration and Submit Application

- रिकॉर्ड के लिए, भरे हुए एप्लीकेशन फ़ॉर्म का प्रिंट-आउट लें, जिस पर ट्रांज़ैक्शन ID छपी हो और पेमेंट स्टेटस "S" (सफल) लिखा हो।
  Take a print out of the filled Application form with Transaction ID printed on it and payment status mentioned as "S" (Successful) for records.

# 9. सावधानी नोटिस, गैर-प्रकटीकरण समझौता और अनुचित साधन / Caution Notice, Non- Disclosure Agreement and Unfair Means

## A. सावधानी नोटिस / Caution Notice

**9.1.** एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट **https://natboard.edu.in** है।

The official website of NBEMS is **https://natboard.edu.in**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एनबीईएमएस और एनबीईएमएस द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के बारे में किसी भी जानकारी के लिए केवल इन वेबसाइट लिंक का ही संदर्भ लें। प्रामाणिक जानकारी और नीट-पीजी के बारे में समय समय पर आने वाले अपडेट के लिए कृपया-एनबीईएमएस की वेबसाइट **https://natboard.edu.in** पर उपलब्ध नीट-पीजी इंडेक्स पेज और वहां अपलोड किए गए सूचना बुलेटिन को देखें।

Candidates are advised to refer for any information about NBEMS and Examinations conducted by NBEMS only through this website link. Please refer NEET-PG index page on NBEMS website **https://natboard.edu.in** and Information Bulletin uploaded therein for authentic information and periodic updates about the NEET-PG.

**9.2.** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे फर्जी ई-मेल / एसएमएस या जाली दस्तावेजों के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार की मदद करने का झूठा और फर्जी दावा करने वाले बेईमान एजेंटों / दलालों के बहकावे में न आएं या गुमराह न हों।

Candidates are hereby advised not to be allured or mislead by unscrupulous agents / touts making false and bogus claims of helping any candidate in any means by such spoofed emails / SMS or forged documents.

**9.3.** एनबीईएमएस द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा में अच्छे अंक / मेरिट स्थान प्राप्त करने के संबंध में एनबीईएमएस उम्मीदवारों को कोई ईमेल या एसएमएस नहीं भेजता है।

NBEMS does not send any email or SMS to candidates regarding securing good marks / merit position in any of the exams conducted by NBEMS.

**9.4.** एनबीईएमएस के नाम से कोई भी ईमेल या एसएमएस प्राप्त होने पर कृपया एनबीईएमएस के नाम से एसएमएस के माध्यम से प्राप्त जानकारी को संबंधित ईमेल / एनबीईएमएस वेबसाइट अपडेट के साथ सत्यापित करें।

Be aware when getting any email or SMS in the name of NBEMS, please cross verify information received through SMS in name of NBEMS with a corresponding Email / NBEMS Website update.

**9.5.** उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे एनबीईएमएस के साथ संचार के लिए ईमेल आईडी / संपर्क नंबर का उपयोग करें, जो एनबीईएमएस वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

Candidates are also advised to use the email IDs / contact numbers for communication with NBEMS which are provided on the NBEMS website.

**9.6.** यदि किसी उम्मीदवार से कोई असामाजिक तत्व, दलाल (Tout) अथवा अन्य अनधिकृत व्यक्ति ई-मेल, एसएमएस, टेलीफोन कॉल, जाली दस्तावेजों अथवा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर किसी प्रकार के अनुचित लाभ, परीक्षा / प्रवेश में सहायता अथवा अन्य किसी प्रकार की अनुचित सुविधा दिलाने का आश्वासन देता है, तो उम्मीदवार ऐसे मामलों की सूचना एनबीईएमएस की वेबसाइट पर "Contact Us" टैब के अंतर्गत उपलब्ध Communication Web Portal के माध्यम से अथवा आगे की जांच हेतु स्थानीय पुलिस को दे सकते हैं।

In case candidates are approached by any unscrupulous agents / touts promising any such undue favour through any spoofed emails / SMS or telephone call or forged documents or personally the same may be reported to NBEMS through its Communication Web Portal available under Contact us tab on NBEMS website or to the local police for further investigation.

## B. गैरप्रकटीकरण समझौता- / Non-Disclosure Agreement

**9.7.** नीट-पीजी एक प्राइवेट परीक्षा है और इसे सिर्फ़ एनबीईएमएस ही आयोजित करता है। इस परीक्षा का कंटेंट गोपनीय और एनबीईएमएस की प्रॉपर्टी है। एनबीईएमएस साफ़ तौर पर उम्मीदवारों को इस परीक्षा के किसी भी कंटेंट को—चाहे पूरा हो या उसका कोई हिस्सा—किसी भी मकसद से, किसी भी रूप या तरीके ( जैसे बोलकर, लिखकर, इलेक्ट्रॉनिक या मैकेनिकल माध्यम से ) से कॉपी करने, आगे भेजने या पब्लिश करने से रोकता है। एनबीईएमएस परीक्षा से जुड़ी किसी भी सामग्री, जैसे कि प्रश्न-पत्र और/या प्रश्नों के उत्तर, को साझा करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। उत्तर-कुंजियों (answer keys) का प्रकाशन इस सूचना बुलेटिन के **क्लॉज़ 10.7** के अनुसार किया जाएगा।

NEET-PG is a proprietary examination and is conducted only by NBEMS. The contents of this exam are confidential, proprietary and are owned by NBEMS. NBEMS explicitly prohibits the candidate, from reproducing, transmitting or publishing any or some contents of this exam, in whole or in part, in any form or by any means verbal or written, electronic or mechanical for any purpose whatsoever. NBEMS shall not entertain any

request for sharing any content of the examination including question paper and/ or answers to the questions. The publication of answer keys shall be governed by the **clause 10.7** of this information bulletin.

**9.8.** इस परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी को दोस्तों, परिचितों या किसी तीसरे पक्ष के साथ शेयर नहीं किया जाना चाहिए; इसमें ऑनलाइन माध्यमों या सोशल मीडिया के ज़रिए शेयर करना भी शामिल है। सोशल मीडिया में WhatsApp, Telegram, YouTube, Facebook, X (पहले Twitter), Instagram, Arattai, Google Chat, Blogs आदि शामिल हैं, चाहे इसके लिए अपने खुद के अकाउंट का इस्तेमाल किया जाए या प्रॉक्सी अकाउंट का।

No content of this exam must be shared with friends, acquaintances or third parties including sharing through online means or via social media. Social media includes but not limited to WhatsApp, Telegram, YouTube, Facebook, X (formerly Twitter), Instagram, Arattai, Google Chat, YouTube, Blogs etc. using either one's own account or proxy account(s).

**9.9.** किसी भी परीक्षा तैयारी सेवा, कोचिंग संस्थान या व्यक्ति द्वारा हाल ही में नीट-पीजी की परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों से परीक्षा की सामग्री का उपयोग करने, उसका खुलासा करने, उसे वितरित करने या उसकी मांग करने, अथवा किसी भी रूप में नीट-पीजी के वास्तविक प्रश्नों या उत्तरों तक पहुँच प्रदान करने पर सख्त प्रतिबंध है।

It is strictly prohibited for any exam preparation service, coaching institute, or individual to use, disclose, distribute, or solicit content from recent NEET-PG examinees, or to otherwise provide access to actual questions or answers from the NEET-PG in any form.

इसी तरह, उम्मीदवारों को नीट-पीजी प्रश्न पत्र या परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी या सामग्री को किसी व्यक्ति, परीक्षा की तैयारी कराने वाली सेवा, कोचिंग संस्थान, या किसी सोशल मीडिया या ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर साझा करने, उसकी नकल करने या उसे उजागर करने की सख्त मनाही है।
Similarly, candidates are strictly prohibited from sharing, reproducing, or disclosing any part of the NEET-PG question paper or examination content with any person, test preparation service, coaching institute, or through any social media or online platform.

अगर इस बात का साक्ष्य मिलता है कि किसी उम्मीदवार ने किसी ऐसे परीक्षा की तैयारी के प्रोग्राम, सर्विस या ऑनलाइन फ़ोरम में एनरोल किया है, हिस्सा लिया है या उसका इस्तेमाल किया है जो नीट-पीजी का कंटेंट (सवाल या जवाब) बांटता है, उसका एक्सेस देता है या उसका इस्तेमाल करता है, या जिसने ऐसा कंटेंट सीधे या परोक्ष रूप से शेयर किया है, तो नीट-पीजी के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी

और नीट-पीजी में उनकी उपस्थिति और नतीजे को भी अमान्य कर दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों पर नॉन-डिस्क्लोज़र एग्रीमेंट के उल्लंघन के लिए आगे शैक्षणिक और / या कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

If there is evidence that a candidate has enrolled in, participated in, or used any exam preparation program, service, or online forum that distributes, provides access to, or uses NEET-PG content (questions or answers), or has shared such content directly or indirectly, their candidature for NEET-PG shall be cancelled and their appearance as well as result in NEET-PG shall be nullified. Such candidates shall be subject to further punitive academic and / or legal action for violation of non-disclosure agreement.

**9.10** नीट-पीजी के लिए रजिस्टर करके और/या उसमें शामिल होकर, उम्मीदवार इस इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में दिए गए नीट-पीजी के लिए 'नॉन-डिस्क्लोज़र एग्रीमेंट' (गोपनीयता बनाए रखने के समझौते) और इस्तेमाल की सामान्य शर्तों को साफ़ तौर पर स्वीकार करता है।

By registering for and / or appearing in NEET-PG the candidate explicitly agrees to the above Non-Disclosure Agreement and general terms of use for NEET-PG as contained in this Information Bulletin.

**9.11** किसी भी अधिनियम का उल्लंघन करने या उसका उल्लंघन पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

Violation of any act or breach of the same shall be liable for penal action and cancellation of the candidature.

## C. अनुचित साधन / Unfair Means

यदि प्रशिक्षण या परीक्षा की अवधि के दौरान, कोई उम्मीदवार निम्नलिखित में से किसी भी गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो यह माना जाएगा कि उसने अनुचित साधनों का उपयोग किया है **/** If during the course of training / examination, a candidate is found indulging in any of the following, he / she shall be deemed to have used unfair means: -

**9.12** यदि कोई उम्मीदवार परीक्षाओं में शामिल होने  में प्रवेश के लिए अपने (ट्रेनिंग) प्रशिक्षण / काउंसलिंग / आवेदन पत्र में गलत विवरण देने का दोषी पाया जाता है, या उसने गलत विवरण देकर या झूठा  जाली / दस्तावेज़ प्रस्तुत करके  एनबीईएमएस की किसी भी परीक्षा  पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने का प्रयास किया है / या प्रवेश प्राप्त कर लिया है, अथवा किसी मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण प्राप्त कर लिया है।

If a candidate is found to have made a wrong statement in his / her application form for appearance in the examinations / counseling / admission to the training or has attempted to secure or has secured admission to any of the examinations / courses of NBEMS or

has obtained registration with any medical council, by making a false statement or by production of a false / forged document.

**9.13** अगर किसी भी स्टेज पर किसी उम्मीदवार ने सर्टिफिकेट या मार्क्स स्टेटमेंट में किसी एंट्री के साथ छेड़छाड़ की है, या किसी सरकारी या गैर-सरकारी संस्था द्वारा जारी किए गए किसी सर्टिफिकेट या एनबीईएमएस द्वारा उसे जारी किए गए किसी अन्य डॉक्यूमेंट के साथ छेड़छाड़ की है।

If at any stage a candidate has tampered with any entry in the certificate or statement of marks or any certificate issued by any governmental or non-governmental body or any other document that has been issued to him/ her by NBEMS.

**9.14** किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स (जैसे मोबाइल फ़ोन, चाहे उनमें इंटरनेट हो या न हो) का इस्तेमाल या अपने पास रखना (चाहे उन गैजेट्स का असल में इस्तेमाल किया गया हो या नहीं)।

